विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911
सोफा, टीवाटर, कुर्सी, पलंग, डिनिंग टेबल, ड्रायसिंग टेबल सहित सभी प्रकार के फर्नीचरों के निर्माता एवं विक्रेता
स्टाइलिश डिजाइन, टिकाऊ क्वालिटी के साथ, पावर हाउस रोड, कोरबा
सभी उत्पाद निर्माताओं का प्रतीक

तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 35 अंक 274 | कोरबा, गुरुवार, दिनांक 04 जुलाई 2024 डाक 05 जुलाई 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

विविधा

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी नई दिल्ली में संसद के चल रहे सत्र में भाग लेने के बाद निकलते हुए

देश-विदेश

हाथरस में कैसे मची भगदड़, एक के ऊपर एक गिरते गए लोग

फीचर पेज

चैन की नींद सोना है तो दुरुस्त कर लें अपना खानपान वरना परेशानी में पड़ जाएंगे

पीएम मोदी से मुलाकात खत्म, अब टीम इंडिया विक्ट्री परेड के लिए मुंबई होगी रवाना

दिल्ली एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत

नईदिल्ली, 04 जुलाई [एजेंसी]।

पीएम मोदी से मुलाकात करने के बाद विश्व विजेता भारतीय टीम पीएम आवास से बाहर निकल गई है। होटल पहुंचने के बाद टीम मुंबई के लिए रवाना होगी। भारतीय टीम गुरुवार को बारबाडोस से स्वदेश लौट आई है। वहीं इसे पहले भारतीय टीम की फ्लाइट सुबह 6 बजे नई दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड हुई। रोहित शर्मा के नेतृत्व वाली भारतीय टीम का एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत हुआ, जिसके बाद खिलाड़ियों को होटल आईटीसी मौर्या ले जाया गया। बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने टी 20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद टीम इंडिया के स्वदेश लौटने को लेकर कहा कि हर कोई खुश है क्योंकि साउथ अफ्रीका और कई देशों को हराकर आईसीसी टी 20 वर्ल्ड कप जीतना एक बड़ी उपलब्धि है। मैं सभी खिलाड़ियों, टीम मैनेजमेंट और बीसीसीआई अधिकारियों को इसका श्रेय दूंगा। टीम इंडिया आज एयर इंडिया के निजी चार्टर्ड विमान से लौटी है और आज ही वे मुंबई के लिए रवाना होगी। जहां शाम को पांच बजे मरीन ड्राइव पर विक्ट्री परेड में फैंस के साथ खिताब जीतने का जश्न मनाएंगे।

पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात के लिए वर्ल्ड चैंपियन टीम इंडिया प्रधानमंत्री आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पहुंच गई है। बस अब थोड़ी देर में पीएम मोदी की मुलाकात टीम इंडिया से होगी। भारत ने 17 साल के बाद दूसरी बार टी20 वर्ल्ड कप खिताब जीता। याद हो कि भारतीय टीम खिताब जीतने के बाद तीन दिनों तक बारबाडोस में फंसी हुई थी। इसकी वजह थी बारबाडोस में हरिकेन बेरिल चक्रवात।

भारतीय टीम को स्पेशल चार्टर्ड फ्लाइट के जरिये स्वदेश लाया गया। बीसीसीआई ने इस बीच एक वीडियो शेयर करके फैंस का दिल जीत लिया है। बोर्ड ने फैंस के साथ वो वीडियो शेयर किया, जिसमें नजर आया कि भारतीय खिलाड़ियों ने फ्लाइट में क्या मस्ती की और यह भी पता चला कि टी20 वर्ल्ड कप खिताब जीतने के बाद वो कैसा महसूस कर रहे हैं। 1 मिनट 22 सेकंड के वीडियो में दिखा कि ट्रॉफी के साथ कप्तान रोहित शर्मा और अन्य खिलाड़ियों ने मजेदार रिएक्शन दिए। कप्तान रोहित शर्मा के चेहरे के मस्ती भरे भाव ने फैंस को खूब गुदगुदाया। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज लगातार ट्रॉफी को निहारते रहे और फिर उन्होंने कहा, मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि इस टीम का हिस्सा बना। हम बहुत समय से खिताब जीतने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन सफल नहीं हो रहे थे। आखिरकार हम जीत गए। टी20 वर्ल्ड कप हम घर लेकर आ रहे हैं। इससे बढ़ियां अभी कुछ नहीं हो सकता।

एक पेड़ मां के नाम अभियान, सीएम विष्णुदेव साय ने लगाया दहीमन का पौधा

रायपुर, 04 जुलाई [एजेंसी]।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने निवास परिसर में दहीमन का पौधा लगाया। प्रदेश में एक पेड़ मां के नाम अभियान से स्वस्फूर्त जुड़कर लोग पेड़ लगा रहे है। मुख्यमंत्री ने अभियान से जुड़कर अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। आम लोगों के साथ-साथ स्कूली बच्चों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने अभियान में शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर अधिकारियों को सीड बॉल का भी वितरण किया। इस अवसर पर मंत्री लखनलाल देवांगन भी मौजूद रहे। सरगुजा अंचल में पाए जाने वाला दहीमन का पौधा औषधीय गुणों से भरपूर है। स्थानीय प्रजाति का यह पौधा कई बीमारियों के कारगर इलाज में उपयोगी है।

सीएम विष्णुदेव साय ने निर्माणी श्रमिकों के मेधावी बच्चों को दी 26 लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव ने आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम से पूर्व पंजीकृत निर्माणी श्रमिकों के मेधावी बच्चों को नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत 26 लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने के साथ ही उन्हें उच्च शिक्षा के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन मौजूद थे। मुख्यमंत्री साय ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में टॉप 10 में स्थान अर्जित करने वाले पंजीकृत श्रमिकों के 13 मेधावी बच्चों को नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के दो-दो लाख रुपए की सहायता राशि का चेक वितरित प्रदान किए। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वामी विवेकानंद जी की पुष्पतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मेधावी बच्चों को प्रदान किए गए दो-दो लाख रूपए की राशि में एक लाख रुपए प्रोत्साहन स्वरूप और एक लाख रूपए स्कूटी खरीदने के लिए दिए गए।

'जुबान का पक्का हूं' कहते हुए किरोड़ी लाल मीणा ने कृषि मंत्री पद से दिया इस्तीफा

जयपुर, 04 जुलाई [एजेंसी]।

राजस्थान के कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि वे जुबान के पक्के हैं और जो कहते हैं, वह करते हैं।दौसा लोकसभा सीट पर चुनाव प्रचार के दौरान किरोड़ी लाल मीणा ने कहा था कि यदि भाजपा को जीत नहीं मिली, तो वे पद छोड़ देंगे। उन्होंने अपने भाषणों में कहा था कि प्राण जाय, पर वचन न जाए। लोकसभा चुनाव परिणाम में जब दौसा सीट पर भाजपा की हार हो गई, तो कांग्रेस नेताओं ने तंज कसना शुरू कर दिया।

राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भी कई बार मीणा को उनकी बात याद दिलाई। अब कहा जा रहा है कि मीणा ने 10 दिन पहले ही इस्तीफा दे दिया था, लेकिन विधानसभा का बजट सत्र होने के कारण इसका खुलासा नहीं किया गया। अब गुरुवार को एक धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए मीणा ने ही खुलासा कर दिया।

हाईवे पर सुबह की सैर करने गए तीन लोगों को ट्रक ने रौंदा, दो की मौके पर मौत, एक ने अस्पताल में तोड़ा दम

वाराणसी, 04 जुलाई [एजेंसी]।

मीरजापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चुनार रेलवे क्रॉसिंग के सामने सुबह की सैर करने गए तीन लोगों को ट्रक ने रौंद दिया, जिसमें दो की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीसरे व्यक्ति की ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। आज सुबह रोजाना की भांति उस्मानपुर निवासी 70 वर्षीय शुकालु यादव , 56 वर्षीय लाल बहादुर वर्मा व 55 वर्षीय लल्लन वर्मा घर से टहलने के लिए हाईवे पर गए थे।

सुबह सवा पांच बजे तीनों टहलने के बाद वापस घर की ओर आ रहे थे उसी समय वाराणसी से मीरजापुर की ओर जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें रौंद दिया और मीरजापुर की ओर भाग निकला। हादसे में लालबहादुर वर्मा व शुकालू यादव की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल लल्लन वर्मा को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।

बिहार के पुलों की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

बीते 15 दिनों में 9 पुल गिरे

नईदिल्ली, 04 जुलाई [एजेंसी]।

बिहार में हाल के दिनों में पुल गिरने की कई घटनाएं सामने आई हैं। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है, जिसमें मांग की गई है कि सुप्रीम कोर्ट बिहार सरकार को निर्देश दे कि वह राज्य के सभी मौजूदा और निर्माणाधीन पुलों की उच्च स्तरीय जांच कराएं। बीते 15 दिनों में ही राज्य में 9 पुल गिर चुके हैं। सीवान जिले में दो और सारण में एक पुल गिर गया। इनके अलावा पंचायत स्तर पर भी कई पुल गिर चुके हैं। याचिका बुधवार को वकील ब्रजेश सिंह ने दायर की है। याचिकाकर्ता ने कहा कि बिहार में लगातार गिर रहे पुलों की समस्या पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है। याचिकाकर्ता ने कहा कि बीते दो वर्षों में राज्य में निर्माणाधीन तीन बड़े पुलों समेत कई अन्य बड़े, छोटे पुल गिर चुके हैं। याचिका में कहा गया है कि पुल गिरने की घटनाओं में कई लोगों की मौत हुई है और कई अन्य घायल हुए हैं।

केरल के मत्स्य पालन मंत्री ने एसएसएलसी पास छात्रों को लेकर दिया बड़ा बयान, अब विधानसभा में छिड़ी बहस

तिरुवनंतपुरम। केरल के मत्स्य पालन मंत्री साजी चेरियन ने गुरुवार को एक बार फिर अपनी बात दोहराई। उन्होंने कहा कि राज्य में कुछ छात्र हैं, जो एसएसएलसी परीक्षा पास करने के बावजूद ठीक से पढ़ने और लिखने में असमर्थ हैं। चेरियन ने पिछले हफ्ते यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया था कि एसएसएलसी परीक्षा पास करने वाले कई छात्रों में ठीक से लिखने या पढ़ने के कौशल की कमी है। विधानसभा में विपक्षी यूडीएफ विधायक एल्धोस कुन्नपिल्ली ने इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने पूछा कि क्या शिक्षा विभाग मत्स्य मंत्री के विचार से सहमत है। इस दौरान मंत्री चेरियन अपने रुख पर कायम रहे। राज्य के शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी ने यह कहकर मामले को दरकिनार करने का प्रयास किया कि चेरियन ने भाषण को देते हुए ऐसा बयान दे गए।

विदेश मंत्री जयशंकर ने चीनी समकक्ष वांग यी से कजाखस्तान में की मुलाकात, भारत-चीन सीमा विवाद पर क्या हुई बातचीत

नईदिल्ली, 04 जुलाई [एजेंसी]।

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कजाखस्तान की राजधानी अस्ताना में अपने चीनी समकक्ष वांग यी से मुलाकात की। जयशंकर अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। जयशंकर ने उनके साथ द्विपक्षीय बैठक भी की।इससे पहले, जयशंकर ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ मुलाकात की थी। जयशंकर ने इस मुलाकात में रूस-यूक्रेन युद्ध में फंसे भारतीयों की वतन वापसी का मुद्दा उठाया था। साथ ही पीएम मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच अगले हफ्ते मास्को में होने वाली भारत-रूस शिखर बैठक के एजेंडे पर भी बात हुई।जयशंकर ने एक्स पर लिखा, अस्ताना में विदेश मंत्री लावरोव से मुलाकात हुई। हमारे बीच द्विपक्षीय संबंधों से लेकर समसामयिक वैश्विक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

युद्ध में फंसे भारतीयों की सुरक्षा का मुद्दा मैंने जोरदार तरीके से उठाया है। मैंने उन भारतीयों की सुरक्षित वापसी पर जोर दिया है। दूसरे अन्य मुद्दों पर भी हमारे बीच विचारों का आदान-प्रदान हुआ। पीएम मोदी अगले हफ्ते रूस के दौरे पर जाने वाले हैं। मोदी की रूस यात्रा को लेकर कोई आधिकारिक एलान नहीं किया गया है, लेकिन विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि पीएम आठ-नौ जुलाई को रूस और ऑस्ट्रिया जाने की तैयारी में हैं।

ओडिशा के पूर्व विधायक आदित्य माधी का निधन

नईदिल्ली, 04 जुलाई [एजेंसी]।

ओडिशा के पूर्व विधायक और वरिष्ठ भाजपा नेता आदित्य माधी का 50 साल की उम्र में यहां एक अस्पताल में निधन हो गया। 2019 में वह मलकानगिरी विधानसभा सीट से चुने गए थे। हालांकि, इस बार भाजपा ने उन्हें टिकट नहीं दिया था। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने माधी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। माझी ने विधानसभा अध्यक्ष सुरमा पाधी और कई मंत्रियों के साथ विधानसभा परिसर में दिवंगत आत्मा को अंतिम श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि माधी कोविड से संक्रमित हुए थे लेकिन ठीक हो गए। हालांकि, उनकी तबीयत ठीक नहीं थी और वह अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित थे। वह मलकानगिरी के लोकप्रिय नेता थे और पार्टी को मजबूत करने में प्रमुख भूमिका निभाई थी।

भारत में जानलेवा बना वायु प्रदूषण, खराब हवा से दिल्ली में हर साल 12 हजार मौतें

नईदिल्ली, 04 जुलाई [एजेंसी]।

भारत के 10 सबसे बड़े शहरों में होने वाली सभी मौतों में से सात प्रतिशत से अधिक मौतें वायु प्रदूषण से हो रही हैं। एक रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है, राजधानी दिल्ली सहित धुंध से भरे भारतीय शहर दुनिया के सबसे खराब वायु प्रदूषण से पीड़ित हैं, जिससे लोगों के फेफड़े जाम हो रहे हैं और स्वास्थ्य के लिए खतरा बढ़ रहा है। नए रिसर्च में, एक भारतीय नेतृत्व वाली टीम ने अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई, पुणे, शिमला और वाराणसी शहरों में पीएम का लेवल 2.5 देखा, इसके चलते कैंसर का खतरा बढ़ रहा है। रिसर्च के मुताबिक, 2008 से 2019 तक, हर साल 33,000 से अधिक मौतों का कारण विश्व स्वास्थ्य संगठन की 15 माइक्रोग्राम प्रति से अधिक पीएम 2.5 है, जिससे खतरे बढ़ने की आशंका ज्यादा है। द लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल के रिसर्च के अनुसार, उन शहरों में दर्ज की गई मौतों का यह 7.2 प्रतिशत है। भारत की राजधानी दिल्ली में साल की 12,000 मौतें वायु प्रदूषण से जुड़ी थीं। वहीं मुंबई, कोलकाता और चेन्नई जैसे शहरों में जहां वायुप्रदूषण से मृत्यु दर की आशंका कम आंकी गई थी, लेकिन रिसर्च के मुताबिक, इन शहरों में मृत्यु दर अधिक पाई गई। रिसर्च ने भारत के वायु गुणवत्ता मानकों को सख्त करने का आह्वान किया। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के लेखक जोएल श्वार्ट्ज ने कहा, प्रदूषण को कम करने और लागू करने से हर साल हजारों लोगों की जान बच जाएगी। उन्होंने एक बयान में कहा, प्रदूषण को नियंत्रित करने के तरीके मौजूद हैं, उन्हें भारत में तत्काल लागू करने की आवश्यकता है।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

बाथरूम में गिरकर बेहोश हुए टीएमसी नेता मुकुल रॉय, सिर में लगी चोट, अस्पताल में भर्ती, हालत गंभीर

कोलकाता, 04 जुलाई [एजेंसी]।

पूर्व रेलवे मंत्री मुकुल रॉय अपने घर के बाथरूम में गिरकर बेहोश गए, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। कल शाम को बाथरूम में गिरने के कारण उनके सिर में चोट लगी। फिलहाल उनकी हालत कुछ हद तक स्थिर लेकिन गंभीर है। अस्पताल के अधिकारियों ने 24 घंटे उनकी देखभाल के लिए डॉक्टरों की एक टीम का गठन किया है। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकुल रॉय न्यूरोलॉजिकल परेशानियों से पीड़ित हैं। उन्हें होश खोने से पहले उल्टी भी हुई। अधिकारी ने बताया कि उनका मेडिकल परीक्षण किया गया और फिलहाल रिपोर्ट का इंतजार है।

मुकुल रॉय के बेटे ने कहा, घर के बाथरूम में बाबा गिर गए। उनके सिर में चोट लगी। उन्होंने उल्टी की और फिर होश खो दिया। हम उन्हें अस्पताल ले गए। टीएमसी के संस्थापक सदस्यों में से एक मुकुल रॉय डिमेंशिया से पीड़ित हैं। वह 2017 में भाजपा में शामिल हुए थे। उन्होंने 2021 के विधानसभा चुनाव में उत्तर कृष्णानगर निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की थी। हालांकि, इसके बाद वह टीएमसी में वापस शामिल हो गए।

आश्रम में 6 बच्चों की मौत, बीमार होने पर खुद करने लगे थे इलाज

एक की जान गई तो चुपचाप दफना दिया

इंदौर, 04 जुलाई [एजेंसी]।

मध्य प्रदेश में इंदौर के आश्रम में 6 बच्चों की मौत के मामले में जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। करोड़ों रुपये का अनुदान लेकर सेवा का दावा करने वाले युगपुरुष धाम आश्रम के संचालकों की लापरवाही से बच्चों की जान गई है। बच्चों की मौत के मामले में शुक्रवार को उच्च स्तरीय जांच कमेटी की रिपोर्ट सामने आई। इसमें पता चला कि संस्था में जबरदस्त लापरवाही बरती जा रही थी। बच्चों के रहने से लेकर भोजन भंडार क्षेत्र तक गंदगी पसरी थी और बीमारी पैदा करने वाले कई कारण दिखाई दिए। 27 जून को जब आश्रम में रहने वाले बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ था, तो उसमें दो बच्चों में डायरिया मिला था। इन बच्चों को अस्पताल भेजा जाना था, लेकिन प्रबंधन आश्रम में ही उपचार करता रहा। समय रहते ही प्रबंधन अलर्ट हो जाता तो 48 बच्चे जो अस्पताल में भर्ती हैं, उनकी जान पर नहीं बन आती। छह मासूमों की जान भी नहीं जाती।

अब नहीं टपकता बारिश का पानी विद्यार्थियों की दूर हुई परेशानी

कोरबा । कुछ समय पहले की बात है, वनांचल के इस विद्यालय में कक्षा पांच में पढ़ाई करने वाली विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार की पहाड़ी कोरबा रत्नी बाई और कक्षा चार में पढ़ने वाले सुनील को भलीभांति याद है कि जब भी बारिश होती थी, उनके स्कूल की छतों से अकस्मात कहीं पर से भी पानी टपकने लग जाता था। बारिश के साथ शुरू हुई इस परेशानी से बचने उन्हें हो नहीं, स्कूल के सभी विद्यार्थियों को इधर-उधर भाग कर अपनी कॉपी-किताबे और खुद को भीगने से बचाने जद्दोजेहद करनी पड़ती थी। कमोवेश अब यह स्थिति नहीं है। बारिश चाहे जितनी भी जोर से और जितनी भी देर से ही क्यों न हो ? छत से न तो पानी टपकता है और न ही उन्हें अपनी कॉपी-किताबों को भीगने से बचाने के लिए इधर-उधर भागना पड़ता है। स्कूल भवन का जीर्णोद्धार हो जाने से कक्षाएं भी बेरोकटोक संचालित होती है। जिले में पांच सौ से अधिक ऐसे विद्यालय है, जिनकी मरम्मत हाल ही में की गई है और बारिश के दिनों में परेशानी झेलने वाले विद्यार्थियों को राहत पहुचाई गई है।

कोरबा जिले के अंतर्गत ग्राम छातासरई पहाड़ी कोरबाओं का एक मुहल्ला है। मुख्यमार्ग से दूर वनांचल व उचाई पर स्थित इस गांव में पहाड़ी कोरवाओं को शिक्षा से जोड़कर उन्हें विकास की राह में आगे बढ़ाने विद्यालय संचालित किया जा रहा है। यहां अध्ययन करने वाले सभी विद्यार्थी पहाड़ी कोरवा जनजाति से ही है। दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में स्थित इस स्कूल भवन की स्थिति पहले जर्जर होने के साथ ही विद्यार्थियों के लिए भी मुसीबत भरी थी। विद्यालय के शिक्षक परदेशी राम का कहना है कि स्कूल भवन की मरम्मत होने के बाद अब छत से पानी नहीं टपकता। कक्षा पांचवी में पढ़ाई करने वाल पहाड़ी कोरवा बालिका रत्नी बाई ने बताया कि पहले पानी गिरते ही फर्श गीला हो जाता था। रात्रि में पानी गिरने के बाद सुबह फर्श पर पानी भरा रहता था। जिससे उन्हें बैठने में भी परेशानी होती थी। कक्षा चौथी के छात्र सुनील ने बताया कि जब से स्कूल के भवन को मरम्मत कराया गया है, उन्हें कक्षा में बैठने में कोई परेशानी नहीं उठानी पड़ती। विद्यालय में पढ़ने वाली अनिता, ओम कुमार का भी कुछ यहीं कहना है। यहां पढ़ने वाले सभी छात्रों ने बताया कि उन्हें स्कूल में कॉपी-किताबें भी मिल गई है।

ड्रेस भी दिया गया है। दोपहर को भोजन भी मिलता है। उन्हें अपना स्कूल अच्छा लगता है। प्राथमिक शाला चुईया, कोरई, सोनगुढ़ा के विद्यार्थियों ने भी बताया कि उन्हें कॉपी-किताब, स्कूल ड्रेस मिलने की बहुत खुशी है। उल्लेखनीय है कि कोरबा जिले में कुल 536 स्कूलों का जीर्णोद्धार पूर्ण कर लिया गया है, जबकि 64 विद्यालयों में जीर्णोद्धार का कार्य प्रगतिरत है।

यह बताना भी लाजिमी होगा कि कोरबा जिले में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा शिक्षा के माहौल को बेहतर बनाने की दिशा में जिले के स्कूलों में विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों के 129 बेरोजगार युवाओं को उनकी योग्यता के आधार पर कलेक्टर श्री अजीत वसंत द्वारा सहायक शिक्षक, भृत्य के पदों पर आसपास के विद्यालयों में मानदेय के आधार पर नियुक्ति दी गई है। साथ ही जिले के हायर सेकण्डरी, हाई स्कूलों में रिक्त 118 विषय-विशेषज्ञ शिक्षकों के पदों पर भी मानदेय आधार पर नियुक्ति की कार्यवाही की जा रही है।

कोरबा चांपा राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

कलेक्टर ने कोरबा विकासखण्ड के विभिन्न स्कूल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण

कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज कोरबा विकासखण्ड के विभिन्न शासकीय संस्थानों प्राथमिक शाला पहंदा, स्वामी आत्मानंद स्कूल तिलकेजा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिलकेजा एवं कोरबा-चांपा राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यों का निरीक्षण कर सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने सभी विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था में गुणवत्ता लाने के लिए शिक्षकों को समय पर उपस्थित होकर अध्यापन कार्य करने हेतु निर्देशित किया।

कलेक्टर ने कोरबा चाम्पा राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग में प्रभावित मड़वारानी मंदिर को अन्य जगह स्थानांतरित करने के संबंध में मंदिर समिति के सदस्यों से चर्चा की।

इसी प्रकार कलेक्टर द्वारा ग्राम पहंदा के प्राथमिक शाला में शिक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय में छात्रों की दर्ज संख्या, उपस्थिति, गणवेश व पाठ्य पुस्तक वितरण, मध्यान्ह भोजन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सभी शिक्षकों को विद्यालय में समय पर उपस्थित होकर अध्यापन कराने के निर्देश दिए। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा स्कूल में शौचालय निर्माण की आवश्यकता के संबंध में जानकारी दी गई। कलेक्टर ने स्कूल परिसर में डीएमएफ से शौचालय निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए कहा।

कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिलकेजा पहुँच कर स्वास्थ्य सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने केंद्र के ओपीडी कक्ष, दवाई कक्ष, भंडार कक्ष, विभिन्न वार्डों का अवलोकन करते हुए परिसर में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने केंद्र में आने वाले मरीजों, डॉक्टर की उपस्थिति के संबंध में जानकारी लेते हुए मरीजों को प्रदाय की जाने वाली भोजन व्यवस्था तथा महिला मरीजों हेतु डिलीवरी रूम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सभी चिकित्सकों को अपने ड्यूटी समय पर उपस्थित होकर मरीजो को स्वास्थ्य लाभ पहुचाने हेतु निर्देशित किया। केंद्र के कर्मचारियों द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सुरक्षा हेतु बाउण्ड्री वाल एवं निवास हेतु शासकीय आवास की आवश्यकता के संबंध में जानकारी दी गई। जिस पर कलेक्टर द्वारा बजट उपलब्धता के आधार पर निर्माण कराने की बात कही गई। स्वामी आत्मानंद स्कूल तिलकेजा के कक्षा 11वीं व 12वीं के छात्रों से कलेक्टर ने रूबरू होकर छात्रों से अध्ययन के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने स्कूल के अधूरे बाउण्ड्री वॉल एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण को पूर्ण करने हेतु संबंधित एजेंसी को निर्देश दिए। स्कूल के प्राचार्य द्वारा अंग्रेजी विषय हेतु अतिथि व्याख्याता की मांग की गई। जिस पर कलेक्टर के द्वारा खनिज न्यास मद से स्वीकृति की बात कही गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा, एसडीएम कोरबा श्री श्रीकांत वर्मा उपस्थित थे।

एसटी, एससी व ओबीसी पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन शासन द्वारा अनुमोदित

कोरबा। वर्ष 2023-24 के ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने संस्था परिवर्तन, पाठ्यक्रम परिवर्तन, संस्था एवं पाठ्यक्रम दोनों परिवर्तन तथा पाठ्यक्रम का वर्ष परिवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किए थे उनके आवेदनों को शासन द्वारा अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है। साथ इन छात्रों को 06 दिवस के भीतर अपना छात्रवृत्ति आवेदन पूर्ण कर अध्ययनत् संस्था में जमा कराते हुए छात्रवृत्ति स्वीकृत कराने हेतु निर्देशित किया गया है। निर्धारित समयावधि में आवेदन नहीं करने पर संबंधित छात्र स्वयं उत्तरदायी होंगे।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (महाविद्यालयीन स्तर) का पंजीयन/स्वीकृति एवं भुगतान विभागीय पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। आवेदन करते समय छात्रवृत्ति पोर्टल में किसी प्रकार की दिक्कत होने पर विद्यार्थी अपने संस्था के छात्रवृत्ति प्रभारी अथवा कार्यालय, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा के छात्रवृत्ति शाखा प्रभारी से कार्यालयीन समयावधि में संपर्क कर सकते हैं।

विद्यालय परिसर में हरियाली बिखेरने के लिए काम

कोरबा । जिले में 7 जुलाई तक वन महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी उपलक्ष्य में ट्रीवार्ड्स फाउंडेशन द्वारा पंप हाउस कॉलोनी स्थित बाल विहार हायर सेकेंडरी स्कूल में पौधरोपण किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रकार के फलदार व छायादार पौधों का रोपण स्कूल परिवार के साथ संस्था के सदस्यों ने किया। साथ ही रोपित पौधों के संरक्षण का संकल्प छात्रों ने लिया। इस अवसर पर ट्रीवार्ड्स संस्था के संस्थापक आनंद गोयल गोयल ने छात्रों के साथ मिलकर पौधारोपण किया। स्कूल के बच्चों को जीवन में पौधों के महत्व से अवगत कराते हुए गोयल ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने बच्चों को पौधों के संरक्षण के लिए प्रोत्साहित किया। स्कूल के शिक्षकों ने भी फलदार व छायादार पौधों का रोपण कर संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्राचार्य केएम बिनिल, शिक्षक इरशाद आलम, शिक्षिका जानकी यादव, शाहीन खान, ट्रीवार्ड्स फाउंडेशन के सदस्य संजीप गुप्ता, गनेश महत, प्रमोद चौहान उपस्थित थे।

समस्या का समाधान खोजने के लिए बनाया संगठन

कोरबा । राखड़ की समस्या से पीड़ित लोगों की बैठक मंगलवार को दर्री प्रेस क्लब में हुई। जिसमें सदस्यों ने फिनिक्स युथ ऑर्गेनाइजेशन का गठन करते हुए समस्या के निराकरण के लिए पहल करने का निर्णय लिया। सर्वसम्मति से अनिल द्विवेदी को संयोजक और भागीरथी को महासचिव बनाया गया है। राख प्रदूषण समेत कई समस्याओं को लेकर भी चर्चा की गई। द्विवेदी का कहना है कि प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकार ने परिवहन पर भी ध्यान नहीं दिया। जिसकी वजह से सड़क किनारे कहीं भी राख को पाट दिया गया है। सड़क किनारे पाटे गए राख अब लोगों के घरों और खेतों में पहुंच रहा है। इसके लिए ही अब आवाज उठाई जाएगी।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

कोरबा । एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 सीबीएसई पाठ्यक्रम के कक्षा 7वीं, 8वीं, 9वीं व 11वीं कक्षाओं के रिक्त सीटों में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अनुसूचित जनजाति वर्ग के इच्छुक अभ्यर्थी 11 जुलाई 2024 शाम 05 बजे तक कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) कोरबा के कक्ष क्रमांक 12 में आवेदन जमा कर सकते हैं।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से प्राप्त जानकारी के अनुसार कटघोरा विकासखंड के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला में कक्षा 7वीं में बालक 01, कक्षा 9वीं में कन्या 01, कक्षा 11वीं में बालक 02 व कन्या 03 सीटें रिक्त हैं। इसी प्रकार पोड़ी-उपरोड़ा विकासखण्ड के रामपुर प्रयास विद्यालय में कक्षा 8वीं में बालक 01 सीट उपलब्ध हैं। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन फार्म का शाला प्रमुख द्वारा सत्यापन कराना अनिवार्य है, सत्यापन के अभाव में आवेदन अपात्र माना जाएगा।

बंद सवारी गाड़ियों को शुरू कराने की मांग

कोरबा। कोविड-19 से गेवरारोड से चलने वाली सवारी गाड़ियों को बंद रखा गया है। रेलवे के इस निर्णय का खामियाजा गेवरारोड समेत आसपास के कई दर्जन गांवों के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। बंद ट्रेनों को शुरू करने की मांग पहले भी की जा चुकी है, लेकिन रेलवे प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इससे क्षुब्ध युवा कांग्रेसियों ने बुधवार को रेलवे स्टेशन कोरबा के सामने प्रदर्शन कर डीआरएम का पुतला जलाकर आक्रोश व्यक्त किए। प्रदर्शन युवा कांग्रेस के महामंत्री मधुसुदन दास के नेतृत्व में किया। इसमें बड़ी संख्या में युवा कांग्रेसी शामिल रहे। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि सात दिवस के अंदर बंद गाड़ियों को शुरू नहीं किया गया तो आगे चरणबद्ध आंदोलन करने बाध्य होंगे।

नगद राशि पुरस्कार, खेल वृत्ति एवं प्रेरणा निधि हेतु बढ़ाई गई आवेदन करने की तिथि

कोरबा । खेल एवं युवा कल्ल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खिलाड़ियों/ प्रशिक्षकों/ निर्णायकों को शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, शहीद विनोद चौबे सम्मान, शहीद पंकज विक्रम सम्मान, मुख्यमंत्री ट्रॉफी पुरस्कार, राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त खिलाड़ियों तथा अन्य को नगद राशि पुरस्कार, खेल वृत्ति एवं खेल संघों को प्रेरणा निधि प्रदान करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित करने की अंतिम तिथि में परिवर्तन किया गया है।वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में जिन खिलाड़ियों ने सब्ब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किये हों वे खिलाड़ी निर्धारित आवेदन प्रपत्र पूर्ण कर 08 जुलाई 2024 तक जिला कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण कोरबा में अथवा 10 जुलाई 2024 तक संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण रायपुर में जमा कर सकते हैं।

बारिश से सड़क उखड़ी बजरी पर फिसलन का डर

कोरबा। शहर में लगातार बारिश की वजह से सड़कों की बजरी जगह-जगह से उखड़ गई है। बाइक में चलते समय ब्रेक लगाने पर फिसलने का डर बना रहता है। चार दिनों की बारिश में सड़क पर कई स्थानों पर गड्ढे हो गए हैं। बारिश में जहां पानी का ठहराव होता है वहां सड़क उखड़ जाती है। इसके अलावा अभी भी चौक और चौराहों में पानी भरने की समस्या भी आ रही है। गड्ढों में भरे पानी कभी पता ही नहीं चलता। सबसे अधिक डर रात के समय रहता है। शहर के अधिकांश क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट भी बंद पड़ी हुई है। जिस कारण अंधेरा छाया रहता है। निगम के अधीक्षण अभियंता एमके वर्मा का कहना है कि जहां सड़क खराब हो गई है उसकी मरम्मत कराई जाएगी।

सदस्यता सत्यापन की प्रक्रिया पर चर्चा की

कुसमुंडा। विकास नगर कुसमुंडा के क्षेत्रीय कार्यालय में एचएचएम के एरिया पदाधिकारियों व सदस्यों की बैठक हुई, जिसमें सदस्यता सत्यापन की प्रक्रिया पर चर्चा कर रणनीति बनाई। ताकि एचएमएस संगठन से अधिक से अधिक कोयला कर्मचारियों को जोड़कर सदस्य बनाया जा सके। एचएमएस के अध्यक्ष मिलन पांडेय, महामंत्री अरूण झा, सचिव अशोक साहू ने एसईसीएल कुसमुंडा में सदस्यता सत्यापन की तय तारीख व प्रक्रियाओं की जानकारी दी है। एचएमएस के पदाधिकारियों ने बताया कि एसईसीएल में सदस्यता सत्यापन से कुसमुंडा एरिया में श्रमिक संगठनों में सदस्यों की वास्तविक संख्या की जानकारी सामने आएगी। सदस्य संख्या अधिक रहने पर कर्मचारियों के हितों के मुद्दे बेहतर ढंग से प्रबंधन के समक्ष रख पाएंगे। इसलिए संगठन की विचारधारा से अवगत कराते हुए अधिक से अधिक सदस्य एचएमएस संगठन से जोड़ने हर पदाधिकारी व सदस्य विशेष प्रयास करे।

जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 08 जुलाई को

कोरबा। कलेक्टर कोरबा की अध्यक्षता में जल जीवन एवं स्वच्छता मिशन की बैठक का आयोजन 08 जुलाई 2024 को शाम 05 बजे कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में किया गया है।

ताइक्कांडो प्रतियोगिता में18 मेडल जीते खिलाड़ियों

कोरबा। आत्मरक्षा आपके सामाजिक कौशल को विकसित करने में मदद करती है। आत्मरक्षा कुछ हद तक मार्शल आर्ट के समान है। क्योंकि यह अपने बड़ों का सम्मान करने, सम्मान दिखाने और दूसरों के प्रति सहनशीलता का अनुशासन सिखाता है। इस प्रकार इन सामाजिक कौशलों को विकसित करके, आप अपने दृष्टिकोण के लिए एक सकारात्मक दृष्टिकोण लाएंगे।आत्मरक्षा का उद्देश्यपूर्ण ढंग से व्यक्तियों के स्वास्थ्य और कल्याण की रक्षा करना है। यह किसी को खतरनाक स्थितियों से निपटने और संभावित शारीरिक हमलों से बचने में सक्षम बनाता है। आत्मरक्षा प्रशिक्षण के माध्यम से,लड़के, लड़कियों को मनोवैज्ञानिक, बौद्धिक और शारीरिक रूप से इतना मजबूत बनना सिखाया जाता है कि वे संकट के समय में खुद की रक्षा कर सकें।आत्मरक्षा का अर्थ है किसी ऐसे व्यक्ति से अपनी रक्षा के लिए बल का प्रयोग करना जो आप पर हमला कर रहा हो यह किसी हमले या हमले के आसन्न खतरे को पीछे हटाने के लिए बल के उपयोग को संदर्भित करता है जो स्वयं या दूसरों या कानूनी रूप से संरक्षित हित के खिलाफ निर्देशित होता है। अंतर्राष्ट्रीय कानून में आत्मरक्षा से तात्पर्य सशस्त्र हमले के जवाब में बल प्रयोग करने के लिए राज्य के अंतर्निहित अधिकार से है। आत्मरक्षा सीखने के कई कारण हो सकते हैं। सबसे स्पष्ट कारण यह है कि यदि आप कभी भी तत्काल खतरे में हों तो आप खुद या अपने परिवार की रक्षा के लिए तैयार रहना चाहते हैं। ऐसा बहुत कम होता है कि आप किसी ऐसे व्यक्ति से मिलें जो आपको नुकसान पहुंचाना चाहता हो। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए कोई योजना न होने से आप बेहद असुरक्षित हो जाते हैं। न्याय विभाग और रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्रों द्वारा किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि 6 में से 1 महिला ने यौन उत्पीड़न या यौन उत्पीड़न के प्रयास का अनुभव किया है। पुरुषों के लिए, यह संख्या 33 में से 1 थी। कोई भी हमला कभी भी पीड़ित की गलती नहीं होती है और सभी हमलों को रोका नहीं जा सकता है। लेकिन हम जानते हैं कि आत्मरक्षा की कला सीखने से पीड़ितों को अपने हमलावरों को रोकने या उनसे बचने में मदद मिल सकती है इंडस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को भी सतत रूप से आत्मरक्षा के गुण विशेष प्रशिक्षक द्वारा प्रतिदिन सिखाए जाते हैं। यहां अध्यनरत विद्यार्थी समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते हैं एवं अपनी कला का प्रदर्शन कर स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक जीत कर विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम रोशन करते रहे हैं। 29 जून 2024 को जूनियर क्लब कोरबा में आयोजित फोर्थ जिला ताइक्कांडो चैंपियनशिप में इंडस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया और एक बार फिर साबित कर दिया कि इंडस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी किसी भी क्षेत्र में अपनी प्रतिद्वंदियों को मात देने में माहिर हैं। इंडस पब्लिक स्कूल दीपका के ताइक्कांडो प्रतीक प्रशिक्षक श्री लीलाराम यादव के कुशल दिशा निर्देशन में विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया एवं कई पदक जीते। पदकों की श्रृंखला में स्वर्ण पदक विजेताओं की सूची में सारांश ,शिवम, निराली ,आदर्श, रितु ,हिमांगी एवं लकीराज ने स्वर्ण पदक पर अपनी मोहर लगाई एवं अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को धूल चटाई।

इसी प्रकार अन्य 9 अन्य विद्यार्थियों को रजत पदक एवं दो विद्यार्थी को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। यहां यह बताना लाजिमी होगा कि जिन प्रतिभागियों को इस प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है उनका चयन 20 वीं छत्तीसगढ़ राज्य ताइक्कांडो चैंपियनशिप जो की रायगढ़ में आयोजित होगा में हिस्सा लेने का सुनहरा मौका मिलेगा। सभी प्रतिभागियों को अच्छी तरह से प्रसिद्ध प्रशिक्षित करने में विद्यालय के ताइक्कांडो प्रशिक्षक श्री लीलाराम यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संजय गुप्ता ने विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की बधाई दी

गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में मां बेटी का नाम हुआ दर्ज

कोरबा। कोरबा में रहने वाली गार्गी चटर्जी और धुबोता चटर्जी ने एक ऐसा कार्य किया है,जिसकी चौतरफा सराहना हो रही है। मां बेटी ने गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल चंद्रयान 3 विश्व कीर्तिमान नामक पुस्तक की रचना में अपनी सहभागिता निभाई। इस पुस्तक की रचना में देश विदेश के 123 साहित्यकारों ने अपनी भूमिका निभाई है। मां बेटी के इस योगदान के लिए राज्य स्तर पर दोनों का सम्मान हुआ है। कोरबा में रहने वाली गार्गी चटर्जी और धुबोता चटर्जी का राज्य स्तर पर सम्मान हुआ है। मां बेटी ने गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल चंद्रयान 3 विश्व कीर्तिमान नामक पुस्तक की रचना में अपनी सहभागिता निभाई है। इस पुस्तक की रचना में देश और विदेश के 123 साहित्यारों ने भूमिका निभाई है,जिसमें धुबोता और उनकी पुत्री गार्गी भी शामिल है। जिन्हें राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ स्वाभिमान संस्थान की तरफ से आयोजित पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में सम्मान दिया गया। इस सम्मान से मां और बेटी काफी उत्साहित है। धुबोता चटर्जी एक शिक्षिका है,साथ ही एक साहित्यकार भी है। उनकी पुत्री ने साहित्य के क्षेत्र में अभी अभी की कदम रखा है। विश्व स्तरीय पुस्तक में जिस तरह से दोनों ने अपनी भूमिका निभाई है वह तारीफ के काबिल है,जिससे दोनों का भविष्य काफी उज्जवल नजर आ रहा है।

तीन मोबाइल कंपनियों ने बढ़ाया टैरिफ

कोरबा। देश की निजी टेलीकॉम कंपनी एयरटेल और आइडिया ने मोबाइल उपभोक्ताओं को बड़ा झटका दिया है। इन कंपनियों ने 3 जुलाई से मंथली टैरिफ प्लान में 20 से 25त्न तक की बढ़ोतरी की है। इससे उपभोक्ताओं को सभी तरह के प्लान के पीछे 20 से ?25 ज्यादा देने होंगे। लोगों को प्रतिवर्ष 240 रुपए से लेकर 300 रूपए तक का अतिरिक्त भुगतान मोबाइल का उपयोग करने के लिए करना होगा। कोरबा में इस विषय पर लोगों से बातचीत की गई तो किसी ने इसे स्वाभाविक बदलाव बताया तो किसी ने कहा कि दरे बढ़ने से निश्चित रूप से कुछ मुश्किलें होंगी।

अपनी जमीन बचाने में रूचि नहीं है, सिंचाई विभाग के अफसरों को

जांजगीर - चांपा । लोगों ने अब दुकानें, मकान, बाउंड्रीवाल, काम्पलेक्स तक बनवा लिए हैं। कलेक्टर ने अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं मगर विभाग के अधिकारियों के कान में जूं तक नहीं रेग रहा है।

नहरिया बाबा मंदिर जाने वाली मार्ग में नहर पार से लगी हुई सिंचाई विभाग की जमीन पर लोगों ने कार पार्किंग, नगर पालिका के नाले के ऊपर बाउंड्रीवाल, शेड निर्माण कर कब्जा कर रखा है। विभाग के अधिकांश अफसर इस सड़क से आए दिन गुजरते हैं, वहीं जिस क्षेत्र में सिंचाई विभाग का कार्यालय है उस रोड में भी लोगों ने अतिक्रमण किया है।

विभाग के अधिकारियों के आंखों के सामने सब अतिक्रमण कर रहे हैं। ऐसा नहीं है कि विभाग के अधिकारी इससे अनजान हैं, सब कुछ जानने के बाद भी जमीन को बचाने के लिए कोशिश नहीं कर रहे हैं। विभाग के अधिकारी केवल नोटिस की औपचारिकता निभाने में लगे हुए हैं। नहरिया बाबा मार्ग के प्रवेश द्वार के पास ही नगर पालिका के नाले के ऊपर ढलाई कर अतिक्रमण किया जा रहा है मगर विभाग के अधिकारी कुछ नहीं कर पा रहे हैं।

नहरिया बाबा मार्ग में नहर के सटे सरकारी जमीन पर शेड निर्माण कर आसपास की जमीन भी कब्जा कर लिया गया है। कुछ लोगों के द्वारा सड़क के ऊपर अस्थाई गुमटी रखकर व्यवसाय भी किया जा रहा है। इसी तरह कुछ लोगों ने अपने घर का अहाता नहर के जमीन के ऊपर तक बना लिया है।

सरकारी जमीन पर बाउंड्रीवाल और कार पार्किंग बनाया गया है। जहां वे अपनी कार और बाइक खड़ी करते हैं। नहर के शुरुआत में ही नहर की जमीन पर कब्जा कर पानी निकासी के लिए नगर पालिका द्वारा बनाए गए बड़े नाले के ऊपर ढलाई कर 15 फीट आगे तक मकान का निर्माण किया जा रहा है।

बड़ी नहर से 70 फुट तक सिंचाई विभाग की जमीन

जल संसाधन विभाग के नियम के अनुसार छोटी नहर में सेंटर लाइन से 30 और बड़ी नहर में 60 से 70 फीट तक की जमीन विभाग के द्वारा आरक्षित रखी जाती है। ताकि भविष्य में जरूरत पड़ने पर उक्त जमीन का इस्तेमाल किया जा सके, लेकिन वर्तमान में नहर के दोनों तरफ की जमीन पर कब्जा हो रखा है।

इस पर लोग बाउंड्रीवाल, कार पार्किंग, दुकान और चबूतरा निर्माण करा चुके हैं। चार साल बाद फिर नोटिस, कार्रवाई नहीं अक्टूबर 2021 में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने नहरपुल से लेकर नहरिया बाबा तक विभाग के जमीन की नापजोख की थी।

इस रास्ते में करीब 50 से अधिक मकान बने हैं जिन्होंने या तो बेजा कब्जा कर घर बना लिया है या फिर दूसरों की देखा देखी बाउंड्रीवाल खड़ी कर दी है। सिंचाई विभाग के उप अभियंता के एस तंवर की टीम ने 23 और 24 अक्टूबर 2021 को नाप जोख करते हुए अतिक्रमण हटाने के लिए करीब 50 घरों को चिन्हित किया था।

सिंचाई विभाग की जमीन नहर के बीच से लेकर दाहिनी तट पर कुल 93 फीट है। वहीं कोर्पिग से 57 फीट नाप कर अवैध कब्जे पर मार्क किया गया था। मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वहीं चार साल बाद फिर जल संसाधन विभाग ने 35 अतिक्रमण कारियों को नोटिस देकर औपचारिकता पूरी कर ली है।

ईंट भट्ठा के अवैध व्यवसाय को पनपे का मिल रहा मौका

सक्ती। सक्ती जिला मुख्यालय सहित नगर के चारों ओर अवैध ईंट भट्ठों का कारोबार जोरों पर है। ईंट भट्ठा संचालक शासन के आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। बिना लाइसेंस के कई ईंट भट्ठे संचालित हो रहे हैं। ईंट भट्ठों के संचालक मोटी रकम कमाई कर रहे हैं। इससे शासन प्रशासन को लाखों रुपये की राजस्व क्षति हो रही है। जिले में ईंट भट्ठे के कारोबार करने की होड़ मची हुई है। जबकि शासन के निर्देशानुसार ईंट भट्ठे लगाने के लिए बाकायदा शासन से अनुमति की आवश्यकता है मगर अनुमति नहीं ली जाती । ईंट भट्ठों में लकड़ी और कंडे का उपयोग न कर चिमनी और कोयले से इन्हें पकाया जाता है। दर्जनों ईंट भट्ठे नियम विरूद्ध संचालित हो रहे हैं।

सक्ती जिला मुख्यालय अंतर्गत हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी हरेठी में प्रशासन की नाक के नीचे अवैध ईंट भट्ठों का संचालन किया जा रहा है और राजस्व और खनिज विभाग के अधिकारी मूक दर्शक बने बैठे हैं। यहां के लोगों का कहना है कि उनकी मिली भगत से अवैध ईंट भट्ठे संचालित हो रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने इन पर कार्रवाई की मांग की है।

आज तक नहीं हुई ठोस पहल

प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा आज तक इन अवैध कारोबारियों के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई नहीं हुई। इससे अवैध ईंट बनाने वालों के हौसले बुलंद हैं। कभी कभार छोटी मोटी कार्रवाई होती है मगर बड़े पैमाने पर ईंटों का कारोबार करने वालों पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

प्रशासन द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने से प्रतिवर्ष ईंट भट्ठा संचालकों की संख्या बढ़ती जा रही है। कई ठेकेदारों द्वारा एक जगह की अनुमति लेने के बाद कई जगहों पर ईंट भट्ठा संचालित किया जाता है। ऐसे ईंट भट्ठों को बंद कराने में खनिज व राजस्व विभाग के अधिकारी अक्षम साबित हो रहेहैं।

इन अवैध ईंटों को पकाने के लिए अधिकांश जगहों पर अवैध कोयला खरीदी कर इसका उपयोग ईंट भट्ठा संचालकों द्वारा किया जाता है। साथ ही कई जगहों पर बड़े-बड़े वृक्षों की भी बलि चढ़ा दी जाती है। नदी किनारे मिट्टी को काटकर नदी को क्षति पहुंचाई जा रही है।

ईंट लोड वाहन ने बाइक को ठोका एक की मौत

शिवरीनारायण। नगर पंचायत खरौद के तिवारीपारा में बुधवार सुबह ईंट से भरे माजदा ने युवक को रौंद दिया। मौके पर युवक की मौत हो गई। आक्रोशित स्वजन व नगरवासियों ने मुआवजे की मांग को लेकर मौके पर चक्काजाम कर दिया।

प्रशासन व गाड़ी मालिक के द्वारा मुआवजा देने पर तीन घंटे बाद चक्काजाम खत्म हुआ। घटना शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के नगर पंचायत खरौद के तिवारीपारा की है।ग्राम भैंसों निवासी कन्हैया यादव 30 वर्ष विगत एक साल से अपने ससुराल खरौद में रहता था। वह शिवरीनारायण में घर बनाने राजमिस्त्री का काम करता था।

कन्हैया बुधवार सुबह 9 बजे घर से शोल्ड होंडा एसपी साइन बाइक में काम में जाने के लिए निकला था। तभी तिवारीपारा के पुराना स्कूल चौक के पास खरौद - सलखन मेन रोड में खरौद से रिंगनी सलखन की ओर जा रहे माजदा वाहन क्रमांक सीजी 10 सी 6031 के ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसे अपनी चपेट में ले लिया।

कन्हैया माजदा के नीचे आ गया। ईंट से भरा माजदा वाहन उसके ऊपर से होकर गुजरा, जिससे मौके पर उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। आक्रोशित स्वजन व नगरवासियों ने मुआवजे की मांग करते हुए खरौद - सेमरा मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया।

सूचना पर थाना प्रभारी सागर पाठक बल के साथ मौके पर पहुंचे। चक्काजाम की जानकारी मिलने पर एसडीओपी यदुमणी सिदार भी घटनास्थल पहुंचे। दो घंटे बाद 11 बजे पामगढ़ नायब तहसीलदार पुष्पराज सिंह भी पहुंचे। पुलिस के काफी समझानेऔर नायब तहसीलदार द्वारा 25 हजार व गाड़ी मालिक द्वारा 50 हजार मुआवजा देने के बाद दोपहर 12 बजे चक्काजाम समाप्त हुआ।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराकर स्वजन को सौंप दिया है। माजदा ड्राइवर पुलिस अभिरक्षा में है। शिवरीनारायण पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी हुई है।

रिटर्निंग वाल निर्माण में लापरवाही

सक्ती । भूमि संरक्षण विभाग अंतर्गत निर्माण कार्यों में भारी अनियमितता बरती जा रही है। लाखों रूपए की लागत से तालाबों में रिटर्निंग वाल सहित नालों में चेक डैम का निर्माण जलग्रहण समिति बना कर जिले के कुछ ग्राम पंचायतों में यह कार्य कराया गया है।

जानकारी के अनुसार सक्ती क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पतेरापाली कला में चेक डैम सहित तालाब में रिटर्निंग वाल का लगभग 32 लाख की लागत से निर्माण कार्य कराया गया है। पूर्व कलेक्टर द्वारा पतेरापाली कला के तालाब में हुए रिटर्निंग वाल में हुई अनियमितता के संबंध में जनपद सीईओ को जाँच के लिए आदेशित किया गया था लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर चेक डैम निर्माण में भी भ्रशाचारी की गई।

सहायक संचालक भूमि संरक्षण विभाग आर एन गांगे द्वारा इस संबंध में गोल-गोल जवाब दिया जाता है। भागवान के सहायक संचालक को जांजगीर कृषि विभाग के

उपसंचालक का अतिरिक्त प्रभार मिलने के बाद से ही उनका सकी आना लगभग बंद हो गया है। इस संबंध में सर्वेयर नंदलाल साहू ने अधिकारी से बात कर जानकारी देने की बात कही। 16 लाख की लागत वाले चेकडैम में लगभग 5 लाख रूपए खर्च कर ही कार्य को पूर्ण कर लिया गया है।

साथ ही निर्माण कार्य संबंधित एमबी रिकॉर्ड करने की भी जिम्मेदारी उन्हीं की है। चेकडैम के पियर निर्माण में ईंट पत्थर भर दिया गया है जबकि इसको पूरी तरह से कांक्रीट करना था।

पेंशनर्स को और चाहिए धनराशी

जांजगीर। महंगाई राहत नहीं मिलने से पेंशनर्स में नाराजगी है।

सारागांव में हुई छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक में सदस्यों ने जमकर नाराजगी जताई है और शासन से इसे जल्द देने की मांग की। बैठक में इस मुद्दे के अलावा भविष्य की संगठनात्मक रणनीति भी तय की गई। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ संयुक्त तहसील चाम्पा, सारागांव, बम्हनीडीह की बैठक मां गायत्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारागांव में हुई। इसमें संगठनात्मक रणनीति पर चर्चा की गई। लंबित मंहगाई राहत नहीं देने पर आक्रोश व्यक्त किया गया। परिवार पेंशन निर्धारण के लिए आवश्यक फॉर्म और जरूरी दस्तावेज की जानकारी छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के पदाधिकारियों द्वारा दिए जाने के संबंध में चर्चा की गई।आगामी बैठक अगस्त में कराने का निर्णय लिया गया है। इसमें तब तक हुए कार्यों पर चर्चा करने के साथ अन्य गतिविधियों पर भी विचार किया जाएगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ संयुक्त तहसील चाम्पा, सारागांव, बम्हनीडीह के अध्यक्ष बालमुकुंद चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष नंद कुमार राठौर, बीपी शर्मा, सूरज सिंह राठौर, शिवचरण लाल कर्ष, बेदप्रसाद राठौर, धनश्याम यादव, हीराराम रजक, गेंद राम डड़सेना, बिरिचराम मिरी, अमीलाल राठौर, रामदुलारी धीवर, दासव प्रसाद गुप्ता, गौरीशंकर राठौर, भगवान प्रसाद बानी, आनंदराम देवांगन, रामकुमार राठौर, रामकुण्ण राठौर, मनहरण लाल देवांगन, बालगोविंद श्रीवास उपस्थित थे।

व्याख्याता के रिटायर होने पर सम्मानित किया गया

अकलतरा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अर्जुनी मे पदस्थ व्याख्याता मन्नू लाल कर्ष के सेवानिवृत होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। स्कूल के प्राचार्य एसके मार्बल व समस्त स्टाफ ने मन्नू लाल कर्ष का शाल, श्रीफल व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एसके मार्बल ने कहा कि व्याख्याता मन्नू लाल कर्ष ने शिक्षा विभाग को 43 वर्षों तक महत्वपूर्ण सेवाएं देने के साथ स्कूल को आगे बढ़ने का कार्य किया गया।

पार्षद दिशु व बनिया राम कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त

सक्ती। जिले की मालखरौदा विकासखंड की नगर पंचायत अड़भार में विगत महीने तत्कालीन कांग्रेस समर्थित नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित होने पर नगर पंचायत अध्यक्ष का पद खाली था। इसी बीच विधानसभा व लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के चलते नए अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हो पाई। आने वाले नवंबर- दिसंबर 24 में नगरीय निकाय के चुनाव होने हैं व छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन विकास विभाग ने 2 जुलाई 24 को एक आदेश जारी कर नगर पंचायत अड़भार की वार्ड क्र. 15 की पार्षद दिशु बनिया राम राठे को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया है। दिशु बनियाराम राठे को नगर पंचायत का कार्यवाहक अध्यक्ष बनाए जाने पर जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रसन्ता व्यक्त कर आतिशबाजी कर मिठाइयां बांटी, तो वहीं नगर पंचायत के भाजपा समर्थित पार्षदों में भी प्रसन्नता की लहर देखी जा रही है। बनिया राम राठे भाजपा अड़भार मंडल की एक सक्रिय पदाधिकारी है। विगत एक लंबे समय से भाजपा में काम कर रही हैं व उनके पिता बनिया राम राठे भी सामाजिक रुप से पूरे क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखते हैं, तो वहीं पार्टी के प्रति भी योगदान देते हैं।

***अकलतरा।** लायंस क्लब ऑफ अकलतरा सिटी द्वारा इंटरनेशनल प्लास्टिक बैग फ्री डे पर नगर के सब्जी मार्केट व नगर की दुकानों में जाकर कपड़े से बने हुए थैले का वितरण करने के साथ दुकानदारों व ग्राहकों से प्लास्टिक की बनी हुई थैले का उपयोग नहीं करने की अपील की गई।

तीन पीरियड पढ़ाने पर जोर, दिया इस्तीफा

जांजगीर चांपा। जांजगीर चांपा विकासखंड बलौदा के सभी शैक्षिक समन्वयकों ने सामूहिक रूप से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने सामूहिक इस्तीफा बीईओ बलौदा को सौंपा है। बीईओ को सौंपे पत्र में कहा है कि उन्हें अपने स्कूल में तीन पीरियड लेने का निर्देश दिया गया है, उसके बाद संकुल के अंतर्गत सभी शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक कार्य उनसे कराया जाता है।

इसके कारण वे सभी शारीरिक एवं मानसिक रूप से परेशान हैं और प्रताड़ित महसूस कर रहे हैं। परिवार में भी तनाव का माहौल है इसलिए वे सभी शैक्षिक समन्वयक सामूहिक रूप से इस पद से त्याग पत्र दे रहे हैं। वे सब अपने मूल कार्य शिक्षक के रूप में करना चाहते हैं और अपने स्कूल जाना चाहते हैं।

शिक्षक समन्वयक के पद से बलौदा ब्लाक के 20 शिक्षकों ने सामूहिक इस्तीफा दिया है। दरअसल कलेक्टर आकाश छिकारा ने पिछले दिनों सभी ब्लाक मुख्यालयों में शिक्षा विभाग की बैठक लेकर विभाग की समीक्षा की थी।

इस दौरान कलेक्टर ने सभी शैक्षिक समन्वयकों को तीन पीरियड क्लास लेकर पढ़ाई कराने के निर्देश दिए थे।

इस फरमान से जो शिक्षक पढ़ाना छोड़कर अधिकारी बन बैठे थे उन्हें फिर से स्कूलों में चाक घिसना पड़ेगा। ऐसे में वे प्रताड़ित महसूस होते हुए सामूहिक इस्तीफा पर उतर आए हैं। इसकी शुरूआत बलौदा ब्लाक से हो गई है। शासन के निर्देशानुसार जो शैक्षिक समन्वयक बने हैं उन्हें तीन पीरियड पढ़ाई कराना अनिवार्य है।पिछले दिनों हुई हमारे संघ की बैठक में तीन पीरियड वाली मुद्दा नहीं थी। बलौदा वाले जिस वजह से इस्तीफा दे रहे हैं वह संघ का मुद्दा नहीं है। इस संबंध में वे कुछ नहीं कहना चाहती। पत्र में संघ के निर्णय वाली बात नहीं है। निधिलता जायसवाल अध्यक्ष, संकुल समन्वयक सं

विधायक ने सीएम से क्षेत्र के लिए सुविधाएं मांगी

अकलतरा। विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात करते हुए अकलतरा विधानसभा क्षेत्र की मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा। राघवेन्द्र कुमार सिंह ने सीएम को बताया कि जांजगीर चांपा जिला कृषि प्रधान जिला है। जिले में सीमेंट प्लांट राइस मिल व कई क्रशर खदानें संचालित हैं। आसपास के जिलों में भी सीमेंट प्लांट व अन्य कारखाने स्थापित हैं। अकलतरा नगर के राष्ट्रीय राजमार्ग 130 में सीसीआई सीमेंट संयंत्र का बंद पड़ा कारखाना स्थापित है। कारखाने के चारों ओर एक हजार एकड़ भूमि उपलब्ध है। उक्त भूमि पर ड्राई पोर्ट की स्थापना होने से क्षेत्र व प्रदेश में उत्पादित सामानों को देश के साथ-साथ अन्य देशों में भी एक्सपोर्ट किया जा सकेगा। इससे प्रदेश के उद्योगों को बढ़ावा मिलने के साथ स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकेंगे।

9 वीं में प्रवेशित छात्राओं को मिली सरस्वती योजना की साइकिलें

सक्ती। 1 जुलाई 24 को शाला प्रवेश उत्सव स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्टेशनपारा में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के पूर्व शिक्षा मंत्री मेघा राम साहू, जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार चंद्र, पार्षद व अन्य नागरिक शामिल हुए। स्कूल की छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत पेश किया। पहली से दसवीं तक के नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर मुंह मीठा करके स्वागत किया व सभी को निशुल्क का पाठ्य पुस्तक बांटा। संस्था ने समस्त बच्चों के लिए नेवता भोज का आयोजन संस्था के प्राचार्य व स्टाफ ने किया। नौवीं के छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना के तहत निशुल्क साइकिल दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में आमंत्रित सदस्यों का योगदान रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने कहा कि राष्ट्र के स्वर्णिम विकास में शिक्षकों का योगदान अमूल्य है। जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय की कमी को दूर करने का संकल्प लिया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य सुरेश जायसवाल, इग्नेशिया खलको, उषा किरण, कोसले डीके केंवट, लव चंद देवांगन, नैंसी शर्मा, सब्रो बानो, मनीष चंद्र, छाया बरेठ, गंगा कौशिक व शैक्षिक रामकुमार कांत का योगदान रहा।

घर का ड्राइवर ही निकला स्कूटी चोर

सक्ती। सक्ती 7 शहर के ज्वेलर्स व्यवसायी बनवारी लाल प्रेमचंद सराफ की स्कूटी को उसके ड्राइवर ने चोरी कर ली। पुलिस को सीसीटीवी कैमरे के आधार चोरी का पर्दाफाश हुआ। बनवारी लाल प्रेमचंद सराफ के संचालक सुमित अग्रवाल ने पुलिस थाने सक्ती में चोरी की जानकारी दी।

सुमित ने बताया कि उनके यहां काम करने वाला ड्राइवर स्कूटी के साथ ही घर के नजदीक में गैराज से और भी वाहनों की चोरी कर चुके हैं। सुमित सराफ ने बताया कि सुबह दोस्त के साथ बाइक में आया था और उसके दोस्त स्कूटी को स्टार्ट कर चले गए। सुमित सराफ ने पुलिस थाने सक्ती में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह वार्ड नंबर 07 हटरी रोड सक्ती में रहता है। उसकी बीपी ज्वेलर्स की दुकान है। 13 मई 24 की रात 11 बजे दुकान के सामने अपनी होरो डेस्टिनी स्कूटी क्रमांक सीजी-11 एटी-1586 को खड़ी कर सो गया था। 14 मई की सुबह 9 बजे देखा तो स्कूटी खड़ी करने के लिए कोई जगह नहीं मिली। घर में लगे सीसीटीवी कैमरा को चेक किया तो देखा कि ड्राइवर जितेन्द्र साहू पिता दिलबंद साहू निवासी सकरेलीकला थाना सक्ती 14 मई की सुबह 4.47 बजे अपने एक दोस्त के साथ एक बाइक से आया और स्कूटी को उसका दोस्त चोरी कर ले गया।

बाड़ी में करंट फैलने से चपेट में आये दो बच्चों की मौके पर मौत

बलौद। घर के बाहर खेल रहे दो मासूमों की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना से परिजन और पूरे गांव के लोग स्तब्ध हैं। घटना बुधवार को शाम चार बजे शनिचरा गांव की है। शनिचरा निवासी जगदीश पटेल का पुत्र गुलशन पटेल 5 वर्ष दोस्त रुद्रा नंद पटेल पिता गणेश पटेल 5 वर्ष के साथ घर के बाहर खेल रहा था, तभी वहां जानवरों से सुरक्षा के लिए बाड़ी में लगाए गए फेंसिंग तार के संपर्क में आकर वे गिर गए। उसी समय गुलशन की मां वहां पहुंची तो उसने दोनों को वहां से उठाया और चिल्लाकर ग्रामीणों को एकत्र किया।

न्यायालय तहसीलदार दर्री जिला-कोरबा(छ.ग.)

// ईश्तहार//

रा.प्र.क्र.20240504000053
अ-21/2023-24
ग्राम-लाटा प.ह.नं.26, तहसील दर्री

एतद् द्वारा आम जनता मौजा अगारखार, प.ह.नं.26, रा.नि.मं. अगारखार, तहसील-दर्री, जिला-कोरबा को सूचित किया जाता है कि विपक्षजनति भूमिस्वामी आवेदक सूरज किटदर्रा द्वारा पंगोरिन बी हरीश परस्थ/बी अपोक अग्रवाल निवासी ताहोर व जिला-कोरबा के द्वारा ग्राम-लाटा, प.ह.नं.26, रा.नि.मं. अगारखार, तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) स्थित स्वीमण एवं अधिपाल की परिवर्तित भूमि ख.नं. 17/3, 19, 30/1, 30/2 कुल रकबा 3.31 ए. भूमि में से भू-खण्ड क्र. 28 रकबा 1125 वर्गफिट भूमि को प्रस्तावित क्रेता श्री लखन साहू पिता श्री पैराराम साहू निवासी कुकरा, सोनपा, नवागढ़ जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को विक्रय करने अनुमति प्रदान किये जाने बाबत् कलेक्टर महोदय कोरबा को आवेदन करने पर अ.नि.अ. (रा.) कटघोरा के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 12.07.2024 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 26.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

तहसीलदार
(सील) दर्री, जिला- कोरबा (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दर्री जिला-कोरबा(छ.ग.)

// ईश्तहार//

रा.प्र.क्र.20240504000054
अ-21/2023-24
ग्राम-लाटा प.ह.नं.26, तहसील दर्री

एतद् द्वारा आम जनता मौजा अगारखार, प.ह.नं.26, रा.नि.मं. अगारखार, तहसील-दर्री, जिला-कोरबा को सूचित किया जाता है कि विपक्षजनति भूमिस्वामी आवेदक सूरज किटदर्रा द्वारा पंगोरिन बी हरीश परस्थ/बी अपोक अग्रवाल निवासी ताहोर व जिला-कोरबा के द्वारा ग्राम-लाटा, प.ह.नं.26, रा.नि.मं. अगारखार, तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) स्थित स्वीमण एवं अधिपाल की परिवर्तित भूमि ख.नं. 17/3, 19, 30/1, 30/2 कुल रकबा 3.31 ए. भूमि में से भू-खण्ड क्र. 25 रकबा 1575 वर्गफिट भूमि को प्रस्तावित क्रेतागण 01 श्रीमती तुलेश्वरी साहू पति श्री शैलेन्द्र कुमार साहू 02 श्री शैलेन्द्र कुमार साहू निवासी ग्राम पाटीपारा, पामगढ़ जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को विक्रय करने अनुमति प्रदान किये जाने बाबत् कलेक्टर महोदय कोरबा को आवेदन करने पर अ.नि.अ. (रा.) कटघोरा के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 12.07.2024 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 26.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

तहसीलदार
(सील) दर्री, जिला- कोरबा (छ.ग.)

// ईश्तहार//

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै राजू कश्यप उम्र 32 वर्ष पिता स्व. दशरथ कश्यप जाति कुर्मी निवासी ग्राम कुटरा थाना पामगढ़ तहसील जांजगीर, जिला जांजगीर चांपा (छ0ग0) का निवासी हूं, जो कि शपथ पूर्वक कहता हूं यह कि मेरे पुत्र अक्षण कुमार कश्यप पिता राजू कश्यप के दाखिल कमांक 1974 दिनांक 07.04.2016 अनुक्रमांक 317 में अक्षण कुमार कश्यप पिता राजेश कुमार कश्यप भूलवश दर्ज हो गया है।

यह कि मेरे पुत्र के कक्षा 1 ली से लेकर कक्षा 8 वीं तक के रिकार्ड में अक्षण कुमार कश्यप पिता राजेश कुमार कश्यप दर्ज होते चला आ रहा है। यह कि मेरा नाम समस्त राजस्व रिकार्ड एवं राशन कार्ड एवं आधार कार्ड में राजू कश्यप है। जो कि सही एवं सत्य है। यह कि मेरे पुत्र के दाखिल एवं कक्षा 1 ली से कक्षा 8 वी तक शैक्षणिक प्रमाण पत्रों मे मेरे नाम को राजेश कुमार कश्यप के स्थान पर राजू कश्यप दर्ज कराना चाहता हूं, जिसके लिए शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

यह कि मेरा पुत्र उपर्युक्त कक्षा में प्रवेश ले रहा है जिसमे मेरा नाम राजेश कुमार कश्यप के स्थान पर राजू कश्यप दर्ज कर प्रवेश दिया जावे और अक्षण कुमार पिता राजू कश्यप के नाम से जाना व पहचाना एवम समझा जावे।

राजू कश्यप
कुटरा

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGCD13582
NO 21/11/0 PUBLICATION/2024 Korba West, dtd 03.07.2024
TENDER NOTICE No. 292/2024. (e- Bidding)

Online tenders are invited from experienced & prospective bidders for the following Works:-

S. No.	Tender No.	Particulars	Cost of tender doc.	E.M.D. (Rs.)	Last date and time of submission
1.	RFX No. 8100027852	Deployment of One No. Car (Cat-III) for Duty of S.E. (Turbine & Boiler), In,500 MW, HTPS, Korba West.	590/-	14,007/-	23.07.2024

NOTE : 1. Payment of Tender cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website www.cspc.co.in - e-Bidding. 2. Quantity as per tender schedule.

S-40675/3

अनमोल वचन.....

जिस समय हम किसी का अपमान करते है, उसी समय हम अपना सम्मान भी खो देते है।

खुद की तरफ मुड़ी उंगलियां भी देखनी होंगी

भारत में धर्मांतरण विरोधी कानूनों, नफरत फैलाने वाले भाषणों और धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के घरों और प्रार्थना स्थलों को ध्वस्त करने के मामलों में चिंताजनक वृद्धि हुई है। अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर विदेश विभाग की वार्षिक रिपोर्ट पेश करते हुए अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने ये बातें कहीं। उन्होंने दुनिया भर में लोगों की धार्मिक आजादी की रक्षा के लिए काफी जद्दोजहद करने की भी बात उठाई।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के 28 में से 10 राज्यों में धर्मांतरण पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून हैं, जिनमें से कुछ राज्य विवाह के उद्देश्य से जबरन धर्मांतरण के खिलाफ दंड भी लगाते हैं। इसमें दुनिया के तकरीबन दो सौ देशों की धार्मिक स्थिति का आकलन किया गया है। हालांकि भारत इसे पहले से ही खारिज करता रहा है और इसे प्रकाशित करने वाले आयोग को पक्षपाती बताता है। सिखों, ईसाइयों, यहूदियों, मुसलमानों, दलितों और आदिवासियों के खिलाफ हिंसा से निपटने में मोदी सरकार की नाकामी की बात कर रही है यह रिपोर्ट। इसमें 2023 में गैर- सरकारी संगठनों ने ईसाइयों के खिलाफ हिंसा की 687 घटनाओं का जिक्र भी किया गया है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने, मणिपुर हिंसा, ईसाइयों पर हमले, चर्च में तोड़-फोड़ और धर्मांतरण कानून के तहत हिरासत में रखे लोगों की चर्चा भी है। चीन, ईरान, रूस, सऊदी अरब, अफगानिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और बर्मा के साथ भारत का नाम रखे जाने पर सरकार द्वारा जताई गई आपत्ति उचित है। कहना गलत नहीं है कि मोदी सरकार अपनी हिन्दुत्ववादी विचारधारा के चलते बहुसंख्यकों को प्रभावित करने में सफल है। इसलिए हर साल अमेरिका को इस पर पुनः विचार करने की बात करने की बात कर रस्मादायगी कर लेती है, जबकि सरकार को अंतराष्ट्रीय पटल पर अपनी छवि सुधारने के प्रयास करने चाहिए। संविधान कहता है कि भारत धर्मनिरपेक्ष राज्य है और धार्मिक आजादी मौलिक अधिकार है। इसलिए सभी धर्मावलंबियों की सुरक्षा का दायित्व सरकार का है। वहीं अमेरिका में अेतों को लेकर जो पक्षपात होते हैं, उनकी अनदेखी नहीं की जा सकती। दूसरों पर उंगली उठाते हुए, खुद की तरफ मुड़ी उंगलियां भी देखनी होंगी।

राशिफल

मेष राशिः आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। किसी सामाजिक समारोह में आपका खास योगदान रहेगा। अपनी बौद्धिक क्षमता और व्यवहार कुशलता द्वारा सकारात्मक परिणाम हासिल करेंगे। आज आपको परिवार संबंधी कोई शुभ सूचना मिलने से राहत मिलेगी।

वृष राशिः आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। इस राशि के जो लोग सरकारी जॉब हैं उन लोगों को कोई बेहतरीन कार्यभार मिल सकता है। आज आपका कोई सोचा हुआ काम पूरा हो जायेगा। आज किसी करीबी को आपसे कुछ अपेक्षाएं हो सकती हैं।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में बहुत संभ्रांदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर एक बार फिर से विचार करें। कोई भी छोटा-बड़ा फैसला लेते वक्त किसी घरगपर्ट की सलाह से आपको मुनाफा होगा।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी करीबी व्यक्ति से चल रही अनबन समाप्त होगी। जिन बातों में आपकी ज्यादा रुचि है उन पर ध्यान देने आपको खुशी होगी। आज नए लोगों के साथ जुड़ने से आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज भावनाओं में बहने की बजाय चतुराई से काम लेंगे तो परिस्थितियां आपके पक्ष में रहेंगी। आज रुके हुए पैसे की वापसी भी हो सकती है।

सिंह राशिः आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपके मन में खुशी रहेगी। परिवार में धार्मिक अनुष्ठान की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अलग बदलाव करने की कोशिश करेंगे।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। अपने काम को नया रूप देने के लिए कुछ रचनात्मक गतिविधियों में भी रुचि रहेगी। नये काम पर आज विचार करने का पूरा मौका मिल सकता है, लेकिन मौके को हाथ से न जाने दें। इस राशि के जो लोग बिजनेस शुरू करना चाहते हैं।

तुला राशिः आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज किसी खास व्यक्ति के मार्गदर्शन में आप कार्यों को बेहतरीन तरीके से करेंगे। और महत्वपूर्ण मुद्दे पर भी विचार-विमर्श होगा। आज किसी धार्मिक संस्था के कार्यों में अपना सहयोग देंगे। आज किसी भी कार्य को अधूरा ना छोड़े।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आपका स्वाभिमान और आत्मविश्वास हर परिस्थिति में मेहनत करने की क्षमता बढ़ाएगा और आपके रुके हुए काम थोड़े प्रयास से बन जाएंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बना रहेगा। आज कोई भी फैसला लेते वक्त किसी अनुभवी व्यक्ति मार्गदर्शन अवश्य ले।

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपका कार्य प्रधान बनेगा और आप अपनी ऊर्जा का भरपूर इस्तेमाल करेंगे। आपको अपनी मेहनत के अनुरूप जीवत परिणाम भी मिलेंगे। भूमि अथवा वाहन से संबंधित कोई काम पूरा हो सकता है। कुछ समय अपने मनोरंजन के लिए भी निकाल लेंगे। आज अपनी कीमती चीजों को संभालकर रखें।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। धार्मिक अथवा आध्यात्म गतिविधियों में आपका रुझान बढ़ेगा और सेवा संबंधी कार्यों में योगदान भी रहेगा। आपके अपने व्यक्तिगत काम भी पारिवारिक सदस्यों की मदद से काफी हद तक पूरे हो जाएंगे। घर के वरिष्ठ सदस्यों के मार्गदर्शन पर कार्य करें, सफलता जरूर मिलेगी।

कुंभ राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज का दिन उपलब्धियों वाला है इसका भरपूर उपयोग करना जरूरी है। किसी भी कार्य को करने से पहले उसकी रूपरेखा तैयार करने से उचित सफलता मिलेगी। आज दूसरों की व्यक्तिगत बातों पर ध्यान ना देकर अपने काम के प्रति एकाग्र रहेंगे।

मीन राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको उद्देश्य की पूर्ति होगी और अनुभवी लोगों के साथ सफर भी बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। आज दौड़-धूप की अधिकता रहेगी, सफलता मिलने की खुशी में आप पार्टी करेंगे। आज आपका रुका हुआ पैसा वापस मिलेगा। व्यवसायिक व्यवस्था बेहतर होगी और कर्मचारियों का भरपूर सहयोग बना रहेगा। प्रॉपर्टी संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी।

तीन आपराधिक कानूनों को नया नाम

//अजीत द्विवेदी//

देश में नए आपराधिक कानून लागू हो गए हैं। इस बात को ऐसे भी कह सकते हैं कि अंग्रेजों के जमाने में, 1861 में बने तीन आपराधिक कानूनों को नया नाम मिल गया है और कई अपराधों की धाराएं बदल गई हैं। मुख्य रूप से यही काम हुआ है। बाकी कुछ नए अपराधों को इसमें शामिल किया गया है और कुछ पुराने अपराध इन कानूनों के दायरे से बाहर भी हो गए हैं। लेकिन उनकी संख्या बहुत थोड़ी है। नए कानून एक जुलाई से लागू हुए हैं और उससे पहले सोशल मीडिया में इन पर मीम्स की भी बाढ़ आई थी। जैसे कई लोगों ने कहा कि अब इस देश में कोई 'श्री 420' नहीं होगा। अब धोखाधड़ी करने वाले को 'श्री 318' कहना होगा।

अगर कोई राजकपूर की आईकॉनिक फिल्म 'श्री 420' का रिमेक बनाए तो उसे नए नाम से बनाना होगा क्योंकि सरकार ने फ्रॉड की धारा बदल दी है। इसी तरह हत्या के लिए 302 की जगह 101 धारा आ गई है और हत्या के प्रयास के लिए 307 की जगह 109 धारा लगेगी। बलात्कार के आरोप में 375 और 376 की जगह धारा 63 और 64 के तहत मुकदमा चलेगा। पुलिस वालों, वकीलों, न्यायिक अधिकारियों, पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को नई धाराएं याद करनी होंगी और पुरानी भी याद रखनी होंगी क्योंकि एक जुलाई 2024 से पहले के सारे मामले पुरानी धाराओं में सुने जाएंगे।

सवाल है कि इसके पीछे क्या तर्क हो सकता है? ज्यादातर लोग अभी तक कोई ठोस तर्क नहीं सोच पाए हैं सिवाए इसके कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम इतिहास में दर्ज होगा कि उन्होंने अंग्रेजों के बनाए आपराधिक कानूनों को बदला था। जो कानून 1861 से चल रहे थे और 'गुलामी की मानसिकता' का प्रतीक थे उनको 2024 में नरेंद्र मोदी ने बदल दिया। उन्होंने इंडियन पीनल कोड यानी भारतीय दंड संहिता का नाम भारतीय न्याय संहिता कर दिया। अपराध प्रक्रिया संहिता का नाम भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता कर दिया और साक्ष्य कानून का नाम भारतीय साक्ष्य संहिता कर दिया। अगर तीनों आपराधिक कानूनों में बड़े बदलाव की बात करें तो वह ये है कि भारतीय दंड संहिता में 511 धाराएं थीं, जिन्हें कम करके 356 कर दिया गया। कई धाराएं एक दूसरे को ओवरलैप कर रही थीं तो उनको आपस में मिला दिया गया।

सीआरपीसी में पहले 484 धाराएं थीं लेकिन उसकी जगह बने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में इनकी संख्या बढ़ कर 531 हो गई है। दूसरा बड़ा बदलाव यह हुआ कि कुछ अपराध की धाराएं बदल दी गई हैं। इन धाराओं को नए सिरे से याद करना होगा। मुश्किल यह है कि देश की अदालतों में पांच करोड़ से ज्यादा मुकदमे लंबित हैं, जिनमें से साढ़े तीन करोड़ से ज्यादा आपराधिक मामले हैं। उन सभी साढ़े तीन करोड़ मुकदमों में पुरानी धाराओं के तहत ही सुनवाई होगी। यानी पुलिस में अभियोजन का काम देख रहे अधिकारियों, वकीलों, न्यायिक अधिकारियों आदि को 30 जून से पहले के केस के लिए पुरानी धाराएं याद रखनी हैं और एक जुलाई से जो मुकदमे दर्ज होंगे उनके लिए नई धाराएं याद रखनी होंगी। बहरहाल, तीसरा बदलाव यह है कि नए कानून में कुछ नए अपराध शामिल किए गए हैं। झांसा या लालच देकर शारीरिक संबंध बनाने पर नई धारा के तहत मुकदमा चलेगा। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से अदालतों ने ऐसे मामलों में राहत देनी शुरू की थी। इसी तरह विवाहित स्त्री को बरगलाने के अपराध की एक अलग धारा बनी है। माना जा रहा है कि कथित लव जिहाद रोकने की सोच के साथ ये नई धाराएं शामिल की गई हैं। नाबालिग पत्नी से संबंध बनाने को बलात्कार की श्रेणी में डाला गया है। एक दिलचस्प बात यह है कि यौन अपराधों पर इतना ध्यान देने के बाद भी सरकार ने पुरुषों के साथ बलात्कार को नए कानून से बाहर कर दिया है। पहले समलैंगिक या अप्राकृतिक यौन व्यवहार के लिए धारा 377 के तहत मुकदमा चलता था। लेकिन अब यह धारा खत्म कर दी गई है और इसके तहत होने वाले अपराध को किसी और धारा में नहीं शामिल किया गया है। बहरहाल, मॉब लिंचिंग के लिए नया कानून बना है तो आतंकवाद को आपराधिक कानून में शामिल किया गया है। संगठित अपराध के लिए नया कानून बना है। सरकारी अधिकारियों को ड्यूटी से रोकने के लिए आत्महत्या का प्रयास करना भी अब अपराध माना जाएगा। धरने, प्रदर्शन आदि के दौरान अक्सर ऐसी घटनाएं होती हैं। नाम और धाराएं बदलने के क्रम में एक बड़ा बदलाव यह हुआ है कि सरकार ने राजद्रोह का नाम बदल कर देशद्रोह कर दिया है। अंग्रेजों के जमाने में राजद्रोह ही देशद्रोह था। यानी जो अंग्रेजी राज का विरोध करेगा उसे देश विरोधी माना जाएगा। कायदे से आजादी के बाद लोकतंत्र स्थापित होते ही इसे समाप्त कर दिया जाना चाहिए था क्योंकि लोकतंत्र में राजद्रोह जैसी कोई चीज नहीं होती है। लोकतंत्र में सत्ता का विरोध करना नागरिक का अधिकार होता है। बहरहाल, आजादी के 77 साल बाद इसका नाम बदला। हालांकि कानून जस का तस है। अपराध भी लगभग वही है, जो राजद्रोह में परिभाषित है। इसका सिर्फ नाम बदल गया है और धारा बदल गई है। पहले 124 के तहत मुकदमा चलता था और अब 152 के तहत चलेगा। जिस एक बदलाव की सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है या जिसका सबसे ज्यादा विरोध हो रहा है वह किसी आरोपी को ज्यादा लंबे समय तक पुलिस हिरासत में रखने का कानून है। पुराने कानून के हिसाब से किसी आरोपी को अधिकतम 15 दिन तक पुलिस हिरासत में रखा जा सकता था। हालांकि अदालतें कभी भी पुलिस को 15 की रिमांड नहीं देती थीं। दो या तीन बार में ज्यादा से ज्यादा 10 या 12 दिन तक की हिरासत मिलती थी और उसके बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में यानी जेल में भेजना होता था। अब किसी आरोपी को 90 दिन तक पुलिस हिरासत में रखा जा सकता है। यह सही है कि अदालत के आदेश से ही रखा जा सकता है लेकिन तीन महीने की अवधि बहुत बड़ी है।

नए कानूनों में कई अच्छी बातों का प्रचार किया जा रहा है। जैसे शिकायत के तीन दिन के भीतर एफआईआर दर्ज करनी होगी। मुकदमा दर्ज करने और समन आदि भेजने में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का इस्तेमाल किया जाएगा। बलात्कार के मामले में सात दिन के भीतर मेडिकल रिपोर्ट दाखिल करनी होगी। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति के परिजनों को इसकी जानकारी देनी होगी। पुलिस को 90 दिन में आरोपपत्र दाखिल करना होगा और उसके 60 दिन में अदालत को आरोप तय करने होंगे। मुकदमे की सुनवाई पूरी होने के बाद 30 दिन में फैसला सुनाया जाएगा, आदि आदि। सवाल है कि यह सब कैसे होगा। क्या पुलिस को इतना प्रशिक्षित कर दिया गया है या पुलिस को इतने उपकरण उपलब्ध करा दिए गए हैं या पुलिसकर्मियों की संख्या इतनी बढ़ा दी गई है कि वे सब कुछ फुर्ती से कर सकेंगे। जब पुलिस उतनी ही है और वही है, जो पहले थी तो वह अचानक कैसे इतना सब कुछ कर लेगी। मुकदमा पूरा होने के बाद फैसला कितने दिन में आएगा यह तो कानून से तय कर दिया गया लेकिन मुकदमा कितने दिन में पूरा होगा यह कौन तय करेगा। असली चीज तो यह है कि किसी भी मामले की जांच पूरी होने और उस पर सुनवाई पूरी होने की एक समय सीमा तय हो। यहां बिना सुनवाई शुरू हुए लोग महीनों, सालों जेल में रहते हैं। जिस अपराध में छह महीने की अधिकतम सजा होती है वैसे मामलों में भी लोग सालों जेल में बंद रहते हैं। दो साल की सजा वाले अपराध में भी जमानत नहीं मिलती है और दशकों तक सुनवाई चलती रहती है। कहते हैं कि न्याय में देरी, अन्याय के समान है। अगर सचमुच ऐसा है तो इस देश में करोड़ों लोग सांस्थायिक अन्याय का शिकार हो रहे हैं। तभी कानूनों का नाम बदलने या अपराध की धाराएं बदल देने से कुछ नहीं होगा। अपराध न्याय प्रणाली में व्यापक सुधार से ही असली बदलाव होगा। पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ेगी और कानून व्यवस्था, अपराध की जांच और अभियोजन के लिए अलग अलग पुलिस बल होंगे, उनको बेहतर प्रशिक्षण और उपकरण दिए जाएंगे तभी कुछ बदलेगा। पुलिस बल के साथ साथ सरकार जजों के खाली पड़े पदों को भरे और अदालतों के बुनियादी ढांचे में व्यापक सुधार करे, तभी लोगों को कुछ राहत मिलेगी।

परीक्षा के प्रति निष्ठा सुनिश्चित करनाः सरकार की त्वरित कार्रवाई और दीर्घकालिक प्रतिबद्धता

//प्रो. हिमांशु राय//

प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्ठा के बारे में बढ़ती चिंताओं के जवाब में, हमारी सरकार ने मुद्दों के समाधान के लिए तेजी से निर्णायक कार्रवाई की है। एनईईटी पीजी परीक्षा को स्थगित करने, छह शहरों में एनईईटी यूजी की पुनर्परीक्षा के दौरान पेपर लीक के आरोप तथा हाल ही में यूजीसी नेट के पेपर लीक होने जैसी घटनाओं ने इन महत्वपूर्ण परीक्षाओं की निष्पक्षता और विश्वसनीयता के बारे में देश भर के छात्रों के बीच गंभीर संदेह पैदा कर दिया है। भारत सरकार के सक्रिय कदमों में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के शीर्ष नेतृत्व को बदलना और विशेषज्ञ समितियों की स्थापना करना शामिल हैं, जो विश्वास बहाल करने और परीक्षा प्रक्रिया की निष्ठा सुनिश्चित करने के प्रति स्पष्ट प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हैं। ये कार्य केवल तात्कालिक चुनौतियों का समाधान करने के बारे में नहीं हैं, बल्कि ये कदम सभी छात्रों में विश्वास को फिर से बहाल करने और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के संदर्भ में दीर्घकालिक रणनीति का भी संकेत देते हैं।

परीक्षा का पारदर्शी, सुचारु और निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करने के लिए, शिक्षा मंत्रालय ने एक उच्च-स्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। इस समिति का लक्ष्य दो महीने के भीतर कार्रवाई योग्य सिफारिशें देना है, जो परीक्षा प्रक्रियाओं में सुधार करेगी, डेटा सुरक्षा के तौर-तरीकों को बेहतर बनायेगी और भविष्य में उल्लंघनों के खिलाफ बेहतर सुरक्षा के लिए एनटीए को प्रभावी रूप से पुनर्गठित करेगी। इसके अलावा, सीबीआई की भागीदारी एक गहन, निष्पक्ष जांच के प्रति कटिबद्धता को दर्शाती है, जो न केवल जिम्मेदार लोगों की पहचान करेगी, बल्कि उन प्रणालीगत कमजोरियों को भी उजागर करेगी, जिनकी वजह से इस तरह के उल्लंघन होते हैं। इसके अतिरिक्त, सरकार ने अनुचित प्रथाओं को रोकने और संभावित गलत काम करने वालों में भय पैदा करने के लिए सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम पेश किया है। इस अधिनियम में, परीक्षा की सत्यनिष्ठा से समझौता करने के दोषी पाए जाने वालों के लिए 1 करोड़ रुपये तक के जुर्माने और 10 साल तक की कैद सहित कठोर दंड का प्रावधान किया गया है। ये कठोर उपाय, एक मजबूत निवारक संदेश देने और सार्वजनिक परीक्षाओं की पवित्रता को बनाए रखने के लिए आवश्यक हैं।

तत्काल कार्रवाई ठोस और आवश्यक है, जबकि परीक्षा प्रणाली में दीर्घकालिक सुरक्षा और निष्ठा सुनिश्चित करने के लिए आगे के कदम महत्वपूर्ण हैं। ऑनलाइन परीक्षाओं के लिए, अत्याधुनिक एन्क्रिप्शन तकनीकों और बहु-स्तरीय प्रमाणीकरण को लागू करने से अनधिकृत पहुंच से सुरक्षा मिल सकती है। परीक्षा-पेपर के निर्माण से लेकर मूल्यांकन तक निगरानी करने और इसे सुरक्षित करने के लिए ब्लॉकचेन तकनीक का उपयोग किया जा सकता है, ताकि किसी भी छेड़छाड़ का तुरंत पता लगाना सुनिश्चित किया जा सके।

पारंपरिक, ऑफ़लाइन परीक्षाओं के लिए, हर चरण में कड़े सुरक्षा उपाय महत्वपूर्ण हैं। इनमें परीक्षा सामग्री के लिए छेड़छाड़-रोधी पैकेजिंग, सुरक्षित परिवहन और सभी रख-रखाव बिंदुओं पर कड़ी जांच शामिल हैं। लॉजिस्टिक्स के लिए वास्तविक-समय पर जीपीएस निगरानी तथा डिजिटल वॉटरमार्किंग का उपयोग करना भी पेपर-लीक के जोखिम को काफी हद तक कम कर सकता है। एआई-संचालित निरीक्षण प्रणाली का उपयोग करके परीक्षाओं की निगरानी को बेहतर किया जा सकता है, जिससे धोखाधड़ी की संभावना भी कम हो जायेगी। बायोमेट्रिक सत्यापन यह सुनिश्चित कर सकता है कि उम्मीदवार वही हैं, जो वे होने का दावा कर रहे हैं। इससे परीक्षा प्रक्रिया में सुरक्षा की एक और परत जुड़ जायेगी।

इसके अतिरिक्त, स्वतंत्र निकायों द्वारा लगातार व गहन ऑडिट आयोजित करने से परीक्षा प्रक्रिया के भीतर कमज़ोरियों की पहचान करने में मदद मिल सकती है। पारदर्शी और नियमित समीक्षा सुनिश्चित करती है कि सुरक्षा प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है और किसी भी विसंगति का तुरंत समाधान किया जा सकता है। डिजिटल लॉक की भविष्य की विफलताओं को रोकने के लिए कठोर रखरखाव कार्यक्रम और बैकअप व्यवस्था लागू की जानी चाहिए, ताकि परीक्षा पुस्तिका बॉक्स को हाथों (भौतिक रूप से) से खोलना न पड़े और प्रश्नपत्र वितरित करने में देरी न हो। रखरखाव की नियमित जांच से यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि परीक्षा से पहले डिजिटल लॉक पूरी तरह कार्यात्मक हैं। इसके अतिरिक्त, कर्मचारियों को पर्यवेक्षण के तहत हाथों से खोलने के सुरक्षित तौर-तरीकों से जुड़ी आपातकालीन प्रक्रियाओं में प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। ये उपाय व्यवधानों को कम करने और परीक्षा की सत्यनिष्ठा को बनाए रखने में मदद करेंगे।

निष्पक्षता और सत्यनिष्ठा के गुणों पर जोर देने वाली निष्ठा कार्यशालाएं तथा छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और नीति-निर्माताओं के साथ नियमित संवाद आदि, ऐसे सक्रिय उपाय हैं, जो परीक्षा के प्रति निष्ठा को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ा सकती हैं। इन चर्चाओं में हितधारकों को शामिल करने से एक सतर्क समुदाय का विकास होगा, जिससे उत्तर कुंजियों तक किसी भी अनधिकृत पहुंच से सुरक्षा मिलेगी। ये पहल न केवल तत्काल चिंताओं को दूर करती हैं, बल्कि परीक्षा प्रक्रिया के दीर्घकालिक सुधारों के लिए आधार भी तैयार करती हैं।

एनटीए के तहत विभिन्न परीक्षाओं के लिए सालाना 10 मिलियन से अधिक छात्र पंजीकरण कराते हैं। केवल 2023 में 12.3 मिलियन उम्मीदवारों के साथ, एनटीए विश्व स्तर पर परीक्षा आयोजित करने वाली संस्थाओं में अग्रणी है। यह विशाल भागीदारी भारत के युवाओं की आकांक्षाओं को स्वरूप प्रदान करने में परीक्षाओं की प्रभावशाली भूमिका को रेखांकित करती है। इन संख्याओं और भारत की प्रसिद्ध शिक्षा प्रणाली के मद्देनजर, सरकार के सक्रिय उपाय सराहनीय और दूरगामी हैं, जिनका उद्देश्य दीर्घकालिक निष्ठा और विश्वसनीयता सुनिश्चित करना। ये कार्य न केवल तात्कालिक चुनौतियों का समाधान करेंगे, बल्कि लाखों छात्रों के सपनों और आकांक्षाओं की सुरक्षा के लिए एक ठोस आधारशिला भी रखेंगे। यह दृष्टिकोण आने वाली पीढ़ियों के लिए निष्पक्षता और पारदर्शिता को बढ़ावा देते हुए शैक्षिक प्रणाली में विश्वास को मजबूत करने का वादा करता है। भारतीय प्रतियोगी परीक्षाओं का भविष्य; निष्पक्षता और दक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में तैयार की गई अभिनव रणनीतियों पर टिका है। जैसे-जैसे डिजिटल तकनीकें शिक्षा को आकार दे रही हैं, मजबूत डिजिटल सुरक्षा उपायों को अपनाना एक महत्वपूर्ण अनिवार्यता हो गयी है। ऑनलाइन परीक्षाओं के लिए अत्याधुनिक एन्क्रिप्शन प्रोटोकॉल और कठोर प्रमाणीकरण व्यवस्था का कार्यान्वयन साइबर खतरों और अनधिकृत पहुंच के खिलाफ एक मजबूत बचाव होगा। यह सक्रिय दृष्टिकोण न केवल मूल्यांकन की निष्पक्षता की रक्षा करता है, बल्कि हितधारकों के बीच विश्वास भी विकसित करता है। डेटा विश्लेषण और पूर्वानुमान आधारित मॉडलिंग में प्रगति को अपनाने से परीक्षा लॉजिस्टिक्स एवं संसाधन आवंटन को और अधिक अनुकूल बनाया जा सकता है।

तस्वीरों की दुनिया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली में संसद के चल रहे सत्र के दौरान राज्यसभा में बोलते हुए।

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी नई दिल्ली में संसद के चल रहे सत्र में भाग लेने के बाद निकलते हुए।

नई दिल्ली में संसद के चालू सत्र में भाग लेने के बाद बाहर निकलते समय विपक्षी सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारे लगाए।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाथरस के अस्पताल में भगदड़ की घटना के पीड़ितों से मुलाकात की।

नागांव जिले के कामपुर में भारी बारिश के बाद बाढ़ के पानी में एक व्यक्ति अस्थायी बेड़ा का उपयोग कर रहा है।

नागांव जिले के पटियापुम गांव में भारी बारिश के बाद आई बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़क पर साइकिल के साथ चलता एक व्यक्ति।

यूनाइटेड हिंदू फ्रंट के सदस्यों ने नई दिल्ली में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा संसद में की गई कथित हिंदू टिप्पणी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

मोदी और राहुल का आक्रामक तेवर, विपक्ष ने भी झोंकी पूरी ताकत, इन घटनाओं ने संसद के विशेष सत्र को बनाया यादगार

नईदिल्ली, 04 जुलाई [एजेंसी]।

नवगठित 18वीं लोकसभा के पहले सत्र में नई एनडीए सरकार ने कामकाज के अपने सीमित एजेंडे को पूरा कर लिया हो मगर आठ दिन के सत्र में ही सरकार और विपक्ष के बीच आक्रामक तनातनी की विसात बिछ गई है। चुनाव नतीजों से बदली राजनीतिक तस्वीर की झलक साफ दिख रही है जहां मजबूत हुआ विपक्ष संसद में अब अपनी भूमिका में किसी गैरवाजिब अनदेखी या कटौती को तैयार नही है। जबकि लगातार तीसरी बार सत्ता में आयी एनडीए सरकार किसी सूरत में विपक्ष के बढ़े हुए राजनीतिक मनोबल के सामने कमजोर पड़ने का संदेश नहीं जाने देना चाहती। पक्ष-विपक्ष की इस मनोवैज्ञानिक राजनीतिक जंग की झलक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बीच चले शब्दों के खुले तीर में साफ दिखी।संसद के दोनों सदनों के पीठासीन शीर्ष अधिकारियों लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ की सदन संचालन की व्यवस्थाओं पर उबाल ने सियासी पारे को गरम किया। तो दोनों पीठासीन अधिकारियों के तेवर भी विपक्ष के खिलाफ काफी तीखे नजर आए।मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट पेपर लीक धांधली मुद्दे पर संसद में चर्चा कराने की मांग दरकिनार किए जाने को लेकर 28 जून को गरम हुए विपक्ष के तीखे तेवर तो दूसरे ही दिन शुरू हो गए जब

लोकसभा अध्यक्ष चुनाव पर सर्वसम्मति नहीं बन पायी।विपक्षी आईएनडीआईए गठबंधन के लिए परंपरागुसार कांग्रेस ने डिप्टी स्पीकर पद देने की मांग रखी सरकार ने इससे इनकार कर दिया। नतीजा हुआ कि करीब पांच दशक बाद पहली बार स्पीकर पद का चुनाव हुआ। स्पीकर चुनाव से शुरू हुई यह तल्खी ओम बिरला के चुने जाने के तत्काल बाद भी नजर आयी जब बधाई देने की परंपरा के दौरान ही विपक्षी नेताओं ने सरकार ही नहीं स्पीकर को नई लोकसभा में विपक्ष की संख्या बल की बढ़ी ताकत का अहसास कराते हुए अनदेखी नहीं करने को लेकर आगाह किया। साथ ही यह संदेश दिया कि पिछली लोकसभा की तरह डेढ़ सौ विपक्षी सांसदों को निलंबित करने जैसा कदम की अब उनके पास गुंजाइश नहीं है। विपक्ष अपने मजबूत होने के दम पर सदन में लचीलेपन की उम्मीद कर रहा था मगले अगले ही पल स्पीकर ने आपातकाल पर अपनी तरफ से प्रस्ताव लाकर हतप्रभ कर दिया। इसके बाद लोकसभा में आखिरी दिन पीएम के जवाब के बाद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की ओर से विपक्ष के शोर-शराबे के खिलाफ प्रस्ताव को भी पारित कराया।

विपक्षी दलों और स्पीकर के बीच पहले दिन बनी अविश्वास की दरार राष्ट्रपति के धन्यवाद प्रस्ताव पर नेता विपक्ष राहुल गांधी की ओर से शुरू की गई चर्चा के दौरान मुखर रूप में सामने आयी जब उन्होंने स्पीकर चुने गए बिरला के सदन में प्रधानमंत्री मोदी से हाथ मिलाने के दौरान झुकने के वाकए को उठा दिया। नेता विपक्ष ने इसके जरिए स्पीकर के आसन की निष्पक्षता को हमेशा कसौटी पर रखने का संदेश देने की कोशिश की।राहुल गांधी की टिप्पणियों से असहज हुए बिरला ने भी अभिभाषण पर पीएम के जवाब के दौरान जब मौका मिला तो सदन में विपक्षी खेमे के शोर-गुल को लेकर नेता विपक्ष के व्यवहार की आसन से कड़ी आलोचना कर डाली। पक्ष और विपक्ष का यह तकरार धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस के दौरान तब चरम पर पहुंच गया जब नेता प्रतिपक्ष के अपने पहले ही संबोधन में राहुल गांधी ने भाजपा-संघ के हिन्दुत्व को नफरत और हिंसा से जोड़ते हुए प्रहार किया। नॉन-बायलॉजिकल और परमात्मा से सीधे संवाद जैसे तंजों के सहारे पीएम मोदी पर हमले का मौका नहीं छोड़ा। इस दौरान सदन में आधा दर्जन केंद्रीय मंत्रियों से लेकर समूचे सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच करीब दो घंटे तक संग्राम चलता रहा। पीएम मोदी ने अपने जवाबी पलटवार में बालक बुद्धि से लेकर मौसी की कहानी के जरिए राहुल पर तीखे हमले बोले।पक्ष और विपक्ष की इस तल्खी का नतीजा ही रहा कि सरकार ने अपने सभी अनिवार्य संसदीय काम पूरा करने के बाद विपक्षी दलों की नीट मुद्दे पर चर्चा की मांग और पीएम को लिखे राहुल गांधी के पत्र को नजरअंदाज करते हुए लोकसभा को एक दिन पहले ही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया।

लोकसभा की बदली तस्वीर का प्रभाव से राज्यसभा में भी दिखा जब आक्रामक विपक्ष अपनी मांगों से पीछे हटने को तैयार नहीं दिखा तो सरकार ने कहीं से भी दबाव में नहीं आने का संदेश देने के लिए हर दांव चलने की कोशिश की। दोनों पक्षों की इस सियासी लड़ाई में सभापति धनखड़ की भूमिका पर विपक्षी दलों ने तीखे तीर चलाए। सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने उन पर हमेशा सरकार का पक्ष लेने का आरोप लगाने से गुरेज नहीं किया तो मौका मिलते ही धनखड़ ने भी खरगे को एक दिन निशाने पर लिया। वहीं सत्र के आखिरी दिन संविधान का सहारा लेते हुए पूरे विपक्ष के आचरण को अमर्यादित और दुखद करार देने में देर नहीं लगाई। इतना ही नहीं सत्र खत्म होने के बाद संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू तथा कांग्रेस नेता गौरव गोगोई के एक दूसरे को दी गई सलाह और चेतावनियों का संकेत साफ है कि पहले सत्र में शुरू हुई।

98 लाख दिए और 67 लाख देंगे, शहीद अग्निवीर को लेकर राहुल गांधी के आरोपों पर सेना ने दिया जवाब

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि अग्निवीर' की मृत्यु पर उनके परिवार को आर्थिक सहायता नहीं मिल रही है। वहीं, उन्होंने यह भी कहा कि संसद में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने झूठ बोला है। कांग्रेस के सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो अपलोड किया गया, जिसमें राहुल गांधी ने दावा किया कि दिवंगत अग्निवीर अजय सिंह को केंद्र सरकार की ओर से आर्थिक मदद नहीं मिली है, जबकि सरकार ने संसद में कहा कि उनके परिवार को एक करोड़ रुपये की मदद दी गई। राहुल गांधी ने दिवंगत अग्निवीर अजय सिंह के पिता का वीडियो भी जारी किया।

राहुल गांधी के इस बयान के कुछ घंटों के बाद ही भारतीय सेना ने एक्स पर पोस्ट करते हुए जानकारी दी कि सोशल मीडिया यह बात कही जा रही है कि कर्तव्य निभाते हुए अपनी जान गंवाने वाले अग्निवीर अजय कुमार (अजय सिंह) के परिजनों को मुआवजा नहीं दिया गया है। लेकिन, अग्निवीर अजय के परिवार को पहले ही 98.39 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। सेना ने आगे लिखा,अग्निवीर योजना के प्रावधानों के अनुसार लागू लगभग 67 लाख रुपये की अनुग्रह राशि और अन्य लाभ, पुलिस सत्यापन के तुरंत बाद अंतिम खाता निपटान पर भुगतान किए जाएंगे। कुल राशि लगभग 1.65 करोड़ रुपये होगी। भारतीय सेना ने आगे लिखा,इस बात पर फिर से जोर दिया जाता है कि शहीद नायक को मिलने वाले परिलब्धियों का भुगतान अग्निवीरों सहित दिवंगत सैनिकों के परिजनों को शीघ्रता से किया जाता है।

कहीं हल्की-कहीं तेज वर्षा से मौसम हुआ सुहाना

नईदिल्ली, 04 जुलाई [एजेंसी]।

लगातार चार दिन तक ऑरेंज अलर्ट में किरकिरी होने के बाद बुधवार को येलो अलर्ट ने मौसम विभाग की इज्जत बचा ली। दोपहर बाद कहीं हल्की तो कहीं हुई तेज वर्षा ने उमस भरी गर्मी से राहत प्रदान की। तापमान में भी फिर से गिरावट देखने को मिली। मौसम विभाग की मानें तो बृहस्पतिवार को भी बादल छाए रहने और हल्की वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि बृहस्पतिवार को भी बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। गर्जन वाले बादल बनने, बिजली चमकने और और हल्की वर्षा होने के भी आसार हैं। अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 34 और 26 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान में नौ जुलाई तक हर रोज ही ऐसा मौसम बने रहने की संभावना है।बुधवार को सुबह से ही घने बादल छाए हुए थे। बीच-बीच में हल्की धूप भी निकल जा रही थी। रुक रुककर कई बार बूंदाबांदी हुई। दोपहर बाद कई इलाकों में अच्छी वर्षा हुई। इससे उमस कम

हो गई और गर्मी से भी राहत मिल गई। इसी का असर रहा कि बुधवार को एक दिन पहले की तुलना में अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री कम 34.1 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। बुधवार को यह 36.7 डिग्री रहा था। न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 29.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। हवा में नमी का स्तर 100 से 73 प्रतिशत रिकार्ड किया गया।अब अगर वर्षा की बात करें तो शाम साढ़े पांच बजे तक यह 9.0 मिमी दर्ज की गई। पालम में यह 14.1 मिमी, लोधी रोड पर 7.0 मिमी, रिज क्षेत्र में 4.2 मिमी, आया नगर में सर्वाधिक 39.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई। सभी जगह यह वर्षा दोपहर ढाई से साढ़े पांच बजे के दौरान ही रिकॉर्ड की गई।

वर्षा से दृश्यता के स्तर पर भी प्रभाव पड़ा। अपराहन तीन बजे तक जहां दृश्यता का स्तर 2800 मीटर तक रहा वहीं 3.45 बजे यह घटकर 1400 मीटर रह गया। इसके बाद सवा चार बजे वापस बढ़कर 2500 मीटर तक चला गया। उधर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा जारी एयर क्वालिटी बुलेटिन के मुताबिक बुधवार को दिल्ली का एक्यूआइ 108 रहा। इस स्तर की हवा को मध्यम श्रेणी में रखा जाता है। मंगलवार को यह 118 था। 24 घंटे के भीतर इसमें 10 अंकों की कमी हुई है। हाल फिलहाल इसमें अधिक बदलाव होने की संभावना नहीं है।

काम का तनाव से रोबोट ने की आत्महत्या! मरने से पहले उसने जो किया वो चौंका देगा

नईदिल्ली, 04 जुलाई [एजेंसी]।

दुनिया में पहली बार दक्षिण कोरिया में काम के बोझ के मारे एक रोबोट ने आत्महत्या कर ली है। इस सरकारी कर्मचारी ने अपने दफ्तर की सीढ़ियों के ऊपर से नीचे अचानक छलांग लगा दी और चंद मशीनी टुकड़ों में बदल गया। गुमी सिटी काउंसिल का यह मेहनती कर्मचारी हर दिन सुबह नौ बजे से शाम बजे तक काम करता था।इस खबर से स्थानीय लोग दुखी हैं। डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार रहस्यमय परिस्थितियों में गुमी सिटी काउंसिल के सरकारी कर्मचारी रोबोट के कलपुर्जे सीढ़ियों के नीचे बिखरे पड़े मिले हैं। इसकी जांच शुरू कर दी गई है। काउंसिल का कहना है कि नीचे गिरने के बाद रोबोट ने काम करना बंद कर दिया और उसे भारी क्षति पहुंची है। रोबोट इमारत की दूसरी और पहली मंजिल की सीढ़ियों के बीच मिला। उसकी आत्महत्या से दक्षिण कोरियाई शहर गुमी के निवासी शोक में डूब गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि आत्महत्या से पहले रोबोट एक ही स्थान पर मंडराता रहा। जांच एजेंसी रोबोट के ऊपर से गिरने के कारणों की जांच कर रही है। इस रोबोट सहायक को बनाने वाली केलीफोर्नियां की स्टार्टअप बीयर रोबोटिक्स भी इसके टुकड़ों की जांच कर रही है। गुमी सिटी काउंसिल के अधिकारियों के अनुसार रोबोट बहुत लगन से काम करता था। उसके दैनिक कार्यों में नियमित दस्तावेजों की डिलेवरी, शहर का प्रमोशन करना, स्थानीय निवासियों को सूचनाएं देना आदि शामिल था।वह आधिकारिक रूप से सिटी हाल का हिस्सा था और इमारत की सभी मंजिलों पर आता-जाता था। उसने इस दफ्तर में अक्टूबर,2023 से ही काम शुरू किया था। हालांकि ,रोबोट की आत्महत्या की खबर इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो चुकी है। एक्स पर किसी का कहना है कि उस पर काम का बोझ था। किसी ने कहा बिना ब्रेक व छुट्टियों के काम करने से ऐसा हुआ।

हाथरस भगदड़-पोस्टमार्टम रिपोर्ट : किसी का फटा फेफड़ा तो किसी की, बच्चे का शव देख डॉक्टरों के छलके आंसू

हाथरस, 04 जुलाई [एजेंसी]।

जिला अस्पताल में हुए पोस्टमार्टम के बाद आई रिपोर्ट में 36 लोगों की मृत्यु दम घुटने से हुई, जबकि एक की फेफड़े फटने से। इनमें साढ़े तीन साल के बच्चे के पोस्टमार्टम के दौरान चिकित्सकों की टीम की आंसू फूट पड़े।सत्संग के दौरान मची भगदड़ से 121 लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए।

हाथरस जिला अस्पताल में 37 शवों का चार सदस्य चिकित्सकीय टीम ने पोस्टमार्टम किया। बुधवार को हुए पोस्टमार्टम के बाद

रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि 36 लोगों की मृत्यु दम घुटने से हुई, जबकि एक महिला के भगदड़ दबने से फेफड़े फट गए। इस दौरान चिकित्सकों की टीम जब पोस्टमार्टम कर रही थी, उसमें साढ़े तीन साल का एक बच्चा भी था।

बच्चे का पोस्टमार्टम करते समय चिकित्सकीय टीम का दिल दहल गया। हादसे में मृत 121 में से 21 लोग हाथरस के रहने वाले हैं। मृतकों के हाथरस, अलीगढ़, एटा और आगरा में पोस्टमार्टम किए गए। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार को उनका गांवों में अंतिम संस्कार किया गया।

न्यूयॉर्क में 18 अगस्त को होगी इंडिया डे परेड, राम मंदिर का दिखेगा जलवा, झांकियों में और क्या होगा खास

वाशिंगटन,04 जुलाई ।

न्यूयॉर्क में 18 अगस्त को इंडिया डे परेड के दौरान राम मंदिर की प्रतिकृति प्रदर्शित की जाएगी। इसमें न्यूयार्क और उसके आसपास से हजारों भारतीय अमेरिकी शामिल होंगे। विश्व हिंदू परिषद अमेरिका के महासचिव अमिताभ मित्तल के अनुसार मंदिर की विशाल प्रतिकृति 18 फीट लंबी, नौ फीट चौड़ी और आठ फीट ऊंची होगी।यह पहली बार होगा जब राम मंदिर की प्रतिकृति अमेरिका में प्रदर्शित की जाएगी।

न्यूयॉर्क में होने वाली वार्षिक इंडिया डे परेड भारत के बाहर भारत के स्वतंत्रता दिवस का सबसे बड़ा उत्सव है। मिडटाउन न्यूयॉर्क में ईस्ट 38वीं स्ट्रीट से ईस्ट 27वीं स्ट्रीट तक चलने वाली वार्षिक परेड को आम तौर पर 150,000 से अधिक लोग देखते हैं।फेडरेशन आफ इंडियन एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस परेड में न्यूयॉर्क की सड़कों पर विभिन्न भारतीय अमेरिकी समुदायों और संस्कृति की विविधता को दर्शाती कई झांकियां दिखाई देंगी।

विश्व हिंदू परिषद अमेरिका ने हाल ही में राम मंदिर रथ यात्रा का आयोजन किया था, जो 60 दिनों में 48 राज्यों के 851 मंदिरों में गई।उत्तर प्रदेश के अयोध्या में पारंपरिक नागर शैली में भव्य राम मंदिर का निर्माण किया गया है। पीएम मोदी ने वैदिक रीति रिवाज से इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें देश के गणमान्य एवं साधु-संत उपस्थित हुए।

भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी की तबीयत फिर बिगड़ी, निजी अस्पताल में शुरू हुआ इलाज

नईदिल्ली, 04 जुलाई [एजेंसी]।

भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी को रात 9 बजे दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें न्यूरो से संबंधित परेशानी है। इस वजह से न्यूरोलॉजी के विशेषज्ञ डॉ. विनीत सूरी के देखरेख में इलाज चल रहा है। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। इस बारे में अपोलो अस्पताल ने जानकारी दी है। पिछले महीने 26 जून को भी उन्हें दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया था। यूरोलॉजी से संबंधित उन्हें परेशानी थी। यूरोलॉजी के प्रोफेसर डॉ. अमलेश सेठ उनका इलाज कर रहे थे। उन्हें 27 जून को देर रात छुट्टी मिल गई थी।यूरिन में संक्रमण से संबंधित परेशानी के चलते यूरोलाजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. अमलेश सेठ के नेतृत्व में उनका इलाज चल रहा था। एम्स से मिली जानकारी के अनुसार 26 जून की रात 10.28 बजे ओल्ड प्राइवेट वार्ड में भर्ती किया गया था। यूरोलाजी के डॉक्टर और नर्सिंग कर्मचारी उनके स्वास्थ्य की देखभाल कर रहे थे। लालकृष्ण आडवाणी को 30 मार्च, 2024 को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से नवाजा गया। आडवाणी 1942 में स्वयंसेवक के रूप में आरएसएस में शामिल हुए। आडवाणी ने 1980 में पार्टी की स्थापना के बाद से सबसे लंबे समय तक पार्टी के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। लगभग तीन दशकों के संसदीय करियर में, लालकृष्ण आडवाणी पहले गृह मंत्री और बाद में अटल बिहारी वाजपेयी (1999-2004) की कैबिनेट में उपप्रधान मंत्री थे।लालकृष्ण आडवाणी का जन्म 8 नवंबर 1927 को सिंध प्रांत (पाकिस्तान) में हुआ था। उन्होंने कराची के सेंट पैट्रिक्स स्कूल से पढ़ाई की है। 1942 में उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान गिड्डूमल नेशनल कॉलेज में दाखिला लिया। इसके बाद उन्होंने 1944 में कराची के मॉडल हाई स्कूल में बतौर शिक्षक नौकरी की।आडवाणी जब महज 14 साल के थे, उन्होंने अपना जीवन देश के नाम कर दिया। हालांकि, 1947 में देश का बंटवारा होने के बाद आडवाणी के परिवार को अपना घर छोड़कर भारत आना पड़ा। उन्होंने मुंबई के गवर्नमेंट लॉ कॉलेज से लॉ में स्नातक किया। इस दौरान वह संघ से भी जुड़े रहे।

बड़े ड्रग्स रैकेट का भंडाफोड़, यूपी से लेकर तेलंगाना तक फैला जाल... 15 गिरफ्तार

मुंबई, 04 जुलाई [एजेंसी]।

मुंबई के निकट विरार पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ड्रग गिरोह का भंडाफोड़ कर 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। चार राज्यों से गिरफ्तार आरोपितों में उत्तर प्रदेश और तेलंगाना के लोग भी शामिल हैं। पुलिस ने भारी मात्रा में तैयार मेफेड्रोन (एमडी) ड्रग्स और कच्ची दवाएं जब्त कीं।एमडी के निर्माण में इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री की कीमत लगभग 327 करोड़ है। इसके अतिरिक्त, एक देशी पिस्तौल और 33 जिंदा कारतूस भी जब्त किए गए हैं। गिरोह का मास्टरमाइंड अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद का करीबी सहयोगी है। मादक पदार्थों की तस्करी के बारे में एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए मीरा-भायंदर पुलिस आयुक्तालय की क्राइम ब्रांच यूनिट 01 ने दो संदिग्धों शोएब मेनन एवं निकोलस टैट को 15 मई को हिरासत में लिया था। उनके पास से 1000 ग्राम मेफेड्रोन (एमडी) जब्त किया गया था। पूछताछ के दौरान शोएब से मिली जानकारी के आधार पर हैदराबाद के दयानंद उर्फ दया मुद्दानार और नासिर उर्फ बाबा शेख को गिरफ्तार किया गया। दयानंद से पूछताछ के बाद पुलिस ने तेलंगाना के विकाराबाद जिले में उसके द्वारा संचालित एमडी ड्रग फैक्ट्री पर छापा मारा और 20.60 लाख रुपए मूल्य की एमडी ड्रग्स और लगभग 25 लाख रुपए मूल्य के कच्चे रसायन जब्त किए गए। फिर दयानंद से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने 27 मई को भरत उर्फ बाबू जाधव को ठाणे के पडघा से गिरफ्तार किया।जाधव से पुलिस को

पता चला कि मुंबई के सलीम डोला और सूरत के जुल्फिकार उर्फ मुर्तुजा कोठारी ने एमडी दवा बनाने के लिए धन की व्यवस्था की थी। पुलिस के अनुसार सलीम डोला भगोड़े अंडरवर्ल्ड सरगना दाऊद इब्राहिम के गिरोह से संपर्क रखता है। ये जानकारियां मिलने के बाद पुलिस ने कोठारी को सूरत से पकड़ा और उसके पास से 10.84 लाख रुपये जब्त किए। यह राशि सलीम डोला ने उसे नकद दी थी। कोठारी से पता चला कि डोला 'आंगड़िया' के माध्यम से पैसे भेजता था। तब पुलिस ने आंगड़िया चलानेवाले मुस्तफा फर्नीचरवाला और हुसैन फर्नीचरवाला मुंबई के भिंडी बाजार से गिरफ्तार किया गया। पुलिस को उनके पास से सलीम डोला द्वारा भेजे गए 6.8 लाख रुपए भी प्राप्त हुए।

पुलिस को आगे की जांच में पता चला कि वांछित आरोपित सलीम डोला और गिरफ्तार आरोपित दयानंद उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के आसिफ तौफीक खान और उसके भाई बाबू तौफीक खान से भी जुड़े थे। ये दोनों खान भाई भी एमडी ड्रग्स बनाने वाली एक इकाई चला रहे थे। इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने बाबू तौफीक खान, मोहम्मद नदीम खान और अहमद शाह फैसल आजमी को गिरफ्तार किया। इन सबके विरुद्ध भी मामला दर्ज कर करीब 300 करोड़ रुपये मूल्य के कच्चे रसायन जब्त किए गए।इसी मामले में पुलिस ने उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ और लखनऊ से आमिर खान, मोहम्मद शादाब खान, आलोक वीरेंद्र सिंह, अभिषेक उर्फ शुभम सिंह (जौनपुर) को भी गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी के अनुसार पुलिस ने पालघर के नालासोपारा इलाके से एक रिवॉल्वर और 33 जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं। इस मामले में अब तक चार राज्यों तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात से 15 आरोपितों की गिरफ्तारी हुई है। तथा लगभग 328 करोड़ रुपए कच्चा माल जब्त किया है।

हाथरस भगदड़ के लिए न्यायिक जांच आयोग गठित सीएम योगी ने दिए निर्देश, इन पांच बिंदुओं पर होगी पड़ताल

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर हाथरस हादसे की जांच के लिए तीन सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग का गठन कर दिया गया है। आयोग दो माह में जांच पूरी कर अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपेगा। इलाहाबाद हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बृजेश कुमार श्रीवास्तव (द्वितीय) की अध्यक्षता में गठित न्यायिक जांच आयोग में पूर्व आईएएस अधिकारी हेमन्त राव व पूर्व आईपीएस अधिकारी भवेश कुमार सिंह बतौर सदस्य शामिल हैं। आयोग हाथरस के ग्राम फुलरई मुगलगढ़ी में दो जुलाई को साकार नारायण विश्व हरि उर्फ भोले बाबा के सत्संग कार्यक्रम में भगदड़ मचने से 121 लोगों की मृत्यु की घटना की पांच बिंदुओं पर जांच कर अपनी विस्तृत जांच करेगा। आयोग का मुख्यालय लखनऊ में होगा। माना जा रहा है कि जल्द आयोग हाथरस पहुंचकर अपनी जांच शुरू कर देगा।कार्यक्रम के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रदान की गई अनुमति तथा उसकी शर्तों का आयोजकों ने कितना अनुपालन किया। यह कोई दुर्घटना है अथवा षडयंत्र। अन्य किसी सुनियोजित आपराधिक घटना की संभावना के पहलुओं की भी जांच होगी।जिला प्रशासन व पुलिस द्वारा कार्यक्रम के दौरान भीड़ नियंत्रण तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए किये गये प्रबंधों तथा उनसे जुड़े अन्य पहलू। घटना के कारणों व परिस्थितियों का निर्धारण। भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति को रोकने के सुझाव। बीते मंगलवार को हाथरस के सिकंदराराऊ तहसील के फुलरई गांव में कथित संत भोले बाबा का सत्संग आयोजित था, जिसमें तकरीबन दो लाख श्रद्धालु आए हुए थे।

नींद लेने के नाम से दिल में दस्तक देता है खौफ, जानें सोम्नीफोबिया की बीमारी कितनी खतरनाक?

सोम्नीफोबिया की बीमारी क्या है? दरअसल इसे आम बोलचाल और हेल्थ एक्सपर्ट के भाषा में कहेंगे सोने के नाम पर अजीब सा डर लगना. आपको उदाहरण से समझाने की कोशिश करते हैं. मान लीजिए आपको अर्ली मॉर्निंग जरूरी काम के लिए फ्लाइट पकड़नी है. आप इस चक्कर में पूरी रात नहीं सोते हैं कि अगर आप सो गए तो फिर आपकी फ्लाइट छूट जाएगी. अनहोनी हो जाएगी. कई तरह से सवाल दिमाग में आते हैं. इतनी सारी बातों के बीच दिमाग इतना ज्यादा उलझ जाता है कि आपको लगता है कि कुछ अनहोनी हो जाए इससे अच्छा है कि पूरी रात जगने में ही भलाई है.

सोमनीफोबिया के लक्षण

यह तो एक मामूली सी बात हो गई लेकिन ऐसा ही डर कुछ लोगों के अंगर गंभीर रूप ले लेता है और यह सोमनीफोबिया की बीमारी का शिकार बना देता है. इस बीमारी के मरीज सोते ही नहीं है. उन्हें सोने के नाम से डर लगता है. उन्हें लगता है कि अगर सो गए तो कुछ अनहोनी घट जाएगी. अगर बिस्तर पर लेटेंगे भी तो उनके शरीर पर अजीबोगरीब चीजें दिखाई देगी. जिसे सोमनीफोबिया के लक्षण कहे गए हैं. जैसे माथे से पसीना, नम हथेलियां, तेज़ दिल धड़कना.

सोम्नीफोबिया के लक्षण नींद की कमी के कारण पूरे दिन काफी ज्यादा थकावट रहता है. हालांकि, ऐसे शारीरिक लक्षणों के अलावा, मनोवैज्ञानिक लक्षण भी हैं.

हाइपरवेंटिलेशन, सीने में दर्द, कोल्ड फ्लश, कंपन और कंपन, मतली, उल्टी, दिल की धड़कन तेज होना के मुताबिक पार्किंसंस पोस्ट ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर, डिमेंशिया, डिप्रेशन जैसी बीमारी में लोगों में फोबिया को अधिक गंभीर बीमारी का लक्षण माना जाता है. मनोवैज्ञानिक लक्षण जो किसी व्यक्ति में हो सकते हैं वे हैं-

विनाश की आशंका, अलगाव की भावना, चिंता और घबराहट के दौरे, नींद में देरी, सोने के समय से बचना

सोम्नीफोबिया से बचने के लिए करें यह उपाय

रोजाना एक्सरसाइज करें, अच्छा डाइट लें और सोने से पहले किताब जरूर पढ़ें. कम से कम कैफीन का इस्तेमाल करें. दिन के वक्त झपकी लेने से बचें.

बॉक्स ऑफिस पर मुंज्या की दैनिक कमाई लाखों में सिमटी, क्या बन पाएगी 100 करोड़ी ?

इन दिनों सिनेमाघरों में कई फिल्में दर्शकों के मनोरंजन के लिए लगी हुई हैं, जिनमें एक नाम हॉरर और कॉमेडी से भरपूर फिल्म मुंज्या का नाम भी शामिल है।इस फिल्म को रिलीज हुए एक सप्ताह पूरा होने जा रहा है और यह दर्शकों के बीच पकड़ मजबूत बनाए हुए है।हालांकि, प्रभास की कल्कि 2898 एडी के रिलीज होते ही मुंज्या की कमाई लाखों में सिमट गई है।आइए जानते हैं फिल्म ने 25वें दिन कितने लाख रुपये कमाए। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, मुंज्या ने अपनी रिलीज के 25वें दिन यानी सोमवार को 55 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 95.45 करोड़ रुपये हो गया है।

अध्ययन सुमन की फिल्म लव स्टोरीज ऑफ 90 का टीजर जारी

शेखर सुमन के बेटे और अभिनेता अध्ययन सुमन को आखिरी बार संजय लीला भंसाली के करियर की पहली वेब सीरीज हीरामंडी में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब प्रशंसा हुई।यह फिल्म इस साल 1 मई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी।इन दिनों अध्ययन अपनी फिल्म लव स्टोरीज ऑफ 90 को लेकर चर्चा में हैं, जिसमें उनकी जोड़ी दिविता राय के साथ बनी है।अब निर्माताओं ने लव स्टोरीज ऑफ 90 का टीजर जारी कर दिया है।

लव स्टोरीज ऑफ 90 का निर्देशन अमित कसारिया ने किया है, वहीं धर्मेश सांगानी और हरेश सांगानी इस फिल्म के निर्माता हैं। इस फिल्म की कहानी रोमांस से भरपूर होगी।लव स्टोरीज ऑफ 90 इसी साल सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। फिलहाल इस फिल्म की रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।अध्ययन ने साल 2008 में आई फिल्म हाल-ए-दिल के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखा था, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी।

अमित कहते हैं, किसी फिल्म को अच्छा बनाने के लिए, आपको हरेश सांगानी, धर्मेश सांगानी और टीम जैसे अच्छे निर्माताओं के साथ एक मजबूत समर्थन प्रणाली की आवश्यकता होती है। यह रोमांस के सही स्पर्श के साथ एक प्रेम कहानी है जिसे सही लोगों द्वारा समर्थित किया जाता है जो लव स्टोरीज ऑफ 90प्रतिशत बनाता है।

चैन की नींद सोना है तो दुरुस्त कर लें अपना खानपान, वरना परेशानी में पड़ जाएंगे

फिजिकली और मेंटली हेल्दी रहना है तो रात में गहरी नींद सोना बहुत ही आवश्यक होता है. स्टडी बताती है कि हमारा खानपान भी नींद पर असर करता है. ऐसे में आप अपनी डाइट को सुधारकर भी नींद बेहतर कर सकते हैं.

रात में अच्छी नींद लेना हमारे हेल्थ के लिए बहुत जरूरी है. अच्छी नींद नहीं होने पर हमारे फिजिकल और मेंटल हेल्थ पर बुरा इफेक्ट पड़ता है. 7-8 घंटे की नींद नहीं लेने के कारण कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम हो सकती है. हाल में नींद पर हुई एक स्टडी में सामने आया है कि, कुछ खाने की चीजें हमारी नींद की साइकल को खराब करते हैं. शोधकर्ताओं ने पाया कि अच्छा खाना और बुरा खाना हमारी नींद को प्रभावित करता है. इसलिए हमेशा खानपान बेहतर रखना चाहिए.

एक शोध में सामान्य वजन के 15 स्वस्थ युवाओं को शामिल किया गया. जिन्हें एक हफ्ते तक दो अलग-अलग तरह का खाना दिया गया.इसके बाद उनकी नींद की आदतों की जांच की गई. एक डाइट में अधिक चीनी, सेचुरेटेड वसा और प्रोसेस्ड फूड रखे गए, जबकि दूसरे में हेल्दी डाइट दी गई. जिसमें वसा और चीनी बहुत कम थे. हालांकि दोनों डाइट में कैलोरी बराबर ही थी. हर बार की डाइट के बाद प्रतिभागियों की नींद का क्लिनिकल टेस्ट किया गया. सामान्य नींद के वक्त दोनों तरह के ब्रेन की एक्टिविटीज को देखा गया. इसके बाद सभी को रात में जगाए रखा गया. इसके बाद उनकी नींद का टेस्ट किया गया.

स्वस्थ और पौष्टिक आहार लेना नींद की गुणवत्ता को सुधारने में मदद कर सकता है. अपनी डाइट में उचित मात्रा में प्रोटीन, पोषक तत्व, फल, सब्जियां और पूरे अनाज शामिल करें. रात के डिनर में तेज या कैफीन वाली चीजों के सेवन से बचें, क्योंकि इससे नींद डिस्टर्ब हो सकती है.

योग या एक्सरसाइज कर नींद की गुणवत्ता बेहतर बना सकते हैं. रोजाना व्यायाम करने से आपका शरीर कम थकता है और इससे नींद बेहतर होती है. योग और मेडिटेशन भी मानसिक समस्याएं दूर होती हैं और गहरी नींद पाने में मदद मिलती है.

कुछ फूड्स नींद को बेहतर बनाने में मदद करते हैं. जैसे- चेरी जूस, अखरोट और कुछ वसायुक्त मछलियां डाइट में शामिल करने से नींद की क्वालिटी सुधरती है. इसलिए इन फूड्स को अपनी डाइट में रखें.

43 की उम्र में श्वेता तिवारी ने रिवीलिंग लहंगा पहन बढ़ाया इंटरनेट का पारा

टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी हमेशा अपने स्टनिंग लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनकी हर एक अंदाज इंटरनेट पर शेयर होते ही बवाल मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपनी लेटेस्ट फोटोज से फैंस की हार्ट बीट तेज कर दी है। श्वेता तिवारी अपने इस आउटफिट में बेहद ही स्टनिंग और हॉट लग रही हैं।

टीवी अभिनेत्री श्वेता तिवारी आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी अदाकारी और खूबसूरती का जलवा फैंस के बीच इस कदर बिखेरा है की लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं।

हाल ही में एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं।

श्वेता तिवारी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान बेहद ही स्टाइलिश बेज कलर का वेस्ट कोट और ट्राउजर पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस कैमरे के सामने अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती हुई हुश्न की बिजलियां गिराती हुई नजर आ रही हैं।

श्वेता तिवारी जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती है। उनकी नजाकते वाकई काबिले-तारीफ है।

फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस लिफ्ट में नजरें झुकाते हुए हॉट फोटोशूट करवा रही हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस 43 साल की हो चुकी हैं, लेकिन उन्होंने खुद को काफी फिट रखा हुआ है। अपनी फिटनेस को बरकरार रखने के लिए एक्ट्रेस अक्सर हेल्दी डाइट फॉलो करती हैं।

शोटाइम का नया ट्रेलर जारी, इमरान हाशमी और मौनी रॉय फिर आएंगे साथ

धर्मेटिक एंटरटेनमेंट ने पहले शोटाइम के पहले पांच एपिसोड जारी किए थे, जिसमें इमरान हाशमी, मौनी रॉय, महिमा मकवाना और अन्य प्रमुख भूमिकाओं में थे। इस सीरीज़ को फैंस और आलोचकों दोनों से सकारात्मक रिएक्शन मिली। हाल ही में, मेकर्स ने स्ट्रीमिंग के लिए सभी 12 एपिसोड जारी करने की घोषणा की। उत्साह को बढ़ाते हुए, उन्होंने अब एक ट्रेलर जारी किया है जो शेष एपिसोड में सामने आने वाली कहानी का पूर्वावलोकन करता है।

इमरान हाशमी, मौनी रॉय, महिमा मकवाना और श्रिया सरन का शोटाइम ट्रेलर रिलीज़ हुआ हाल ही में रिलीज़ हुए शोटाइम के आधिकारिक ट्रेलर में, इमरान हाशमी का किरदार अपना विक्ट्री स्टूडियो खो देता है, जिसे नसीरुद्दीन शाह द्वारा यह तय करने के बाद कि वह इसे बेहतर तरीके से संभाल सकती हैं, एक मनोरंजन पत्रकार महिमा मकवाना संभाल लेती हैं। इस बीच, अपने डांस नंबरों के लिए मशहूर मौनी रॉय ने अपना ध्यान एक पूरी तरह से जासूसी थ्रिलर फिल्म में अभिनय करने पर केंद्रित कर दिया है। दूसरी ओर, राजीव खंडेलवाल खुद को एक स्टार कहते हैं, जबकि हाशमी अपनी फ्लॉप फिल्मों का हवाला देते हुए इससे असहमत हैं। ट्रेलर से पता चलता है कि हाशमी का किरदार अपने स्टूडियो को वापस पाने के लिए संघर्ष करता है और दिखाता है कि महिमा इसे चलाने में सक्षम नहीं है। यह सीरीज़ मशहूर हस्तियों के जटिल जीवन और शोबिज इंडस्ट्री में उनके संघर्षों को दर्शाती है, जिससे पता चलता है कि हर चमकने वाली चीज़ सोना नहीं होती।

मिहिर देसाई और अर्चित कुमार द्वारा डायरेक्ट शोटाइम, रघु खन्ना की मुक्ति और महत्वाकांक्षा की यात्रा को दर्शाता है। यह रिश्तों को सुधारने और अपनी प्रतिष्ठा को पुन: प्राप्त करने के उनके प्रयासों पर केंद्रित है, जिसमें इसके पात्रों के वास्तविक जीवन और मनोरंजन उद्योग के भीतर उनके संघर्षों को दर्शाया गया है। इस सीरीज़ में महिमा मकवाना, मौनी रॉय, राजीव खंडेलवाल, श्रिया सरन, नसीरुद्दीन शाह और विजय राज सहित कई स्टार कलाकार शामिल हैं। इससे पहले, मेकर्स ने शो के पाँच एपिसोड़ रिलीज़ किए थे, और अब शोटाइम के सभी बारह एपिसोड 12 जुलाई, 2024 से डिज्नी+ हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होंगे।इमरान हाशमी के पास कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट हैं, जैसे तेजस प्रभा विजय देओस्कर की ग्राउंड ज़ीरो, संजय गुप्ता की शूटआउट एट बायकुला और राशि खन्ना के साथ द लास्ट राइड।

पहली बार पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं मराठी एक्ट्रेस हृता दुर्गुले

मराठी एक्ट्रेस हृता दुर्गुले आगामी थ्रिलर सीरीज कमांडर करण सक्सेना में पहली बार एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाने जा रही हैं। उन्होंने अपने किरदार के बारे में खुलकर बात की।

रचना म्हात्रे की भूमिका निभाने को लेकर हृता ने अपना अनुभव शेयर करते हुए कहा, रचना का किरदार निभाना एक शानदार अनुभव रहा है। किरदार में कई रंग हैं, इसलिए मैं दृश्यों को करते हुए बहुत कुछ एक्सप्लोर कर पाई। मेरे निर्देशक जतिन वागले सर ने शूटिंग के दौरान मेरा बहुत साथ दिया। उन्हीं की वजह से मैं पुलिस और रॉ की बारीकियों को समझ पाई।

हृता ने कहा, मैं पहली बार पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रही हूं। सच कहूं तो, मैं स्पेशल ऑपरेशन जैसे शो की बहुत बड़ी प्रशंसक रही हूं। मैं एक कलाकार के तौर पर उस दुनिया को एक्सप्लोर करना चाहती थी। मैं इसके लिए आभारी हूं कि मैं रचना का किरदार निभा पाई। रचना का कभी हार न मानने वाला रवैया मुझे व्यक्तिगत रूप से पसंद है। एक अच्छी बेटी और एक अच्छी पुलिस अधिकारी बनने की उसकी निरंतर लड़ाई मुझे उसकी मानवता से प्यार करने पर मजबूर करती है।

जतिन वागले द्वारा निर्देशित और कीलाइट प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित कमांडर करण सक्सेना को अमित खान ने लिखा है।

इस सीरीज में गुरमीत चौधरी मुख्य भूमिका में हैं और इकबाल खान भी हैं। यह एक निडर रॉ एजेंट की कहानी है जो देश की सुरक्षा के लिए एक बड़े राजनीतिक रहस्य को सुलझाने की कोशिश करता है।

यह सीरीज 8 जुलाई को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर प्रीमियर होने वाली है। हृता ने अनन्या, टाइमपास 3, सर्किट और कन्नी जैसी फिल्मों में भी अभिनय किया है।

शब्द सामर्थ्य -107

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. झौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. पराजित, परास्त। ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, कारस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. परास्त।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 106 का हल

दि	क्ष	त		आ	सा	न		आ
ल		भी		खि		सी	ख	ना
	म	ज	बू	र		ह		जा
स	र्द			का		त	रा	ना
र				र	वि		ह	
घ	ह	ना	ना		ना	रा	ज	
ट			क	शि	श		नी	ला
	र			का		रा		य
खा	ति	र	दा	री		त	क्ष	क

बिहान से महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण हेतु लखपति दीदी का मॉडल रचेगा इतिहास- डॉ आशुतोष

लखपति दीदी डिजिटल आजीविका रजिस्टर लोकोस एप्लीकेशन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

बैकुण्ठपुर। जिला पंचायत के मंथन कक्ष में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना अंतर्गत लखपति दीदी डिजिटल आजीविका रजिस्टर लोकोस एप्लीकेशन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में जिलें के तीनों विकासखंडों के 125 लखपति दीदियों ने सहभागिता की। साथ में सभी ब्लॉक से विकासखंड परियोजना प्रबंधक बीपीएम और एरिया कोर्डिनेटर भी उपस्थित थे। इस अवसर पर बिहान से जुड़ी महिलाओं को संबोधित करते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि पूरे कोरिया जिले में ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़ी महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए लखपति दीदी का मॉडल आने वाले समय में एक नया आयाम रचेगा। आप सभी की यह व्यक्तिगत जिम्मेदारी है कि आप अपने आस-पास रहने वाली उन आर्थिक उन्नति के लिए सक्रिय दीदियों को डिजिटल आजीविका रजिस्टर में दर्ज करें जिन्हे विभिन्न गतिविधियों से जोड़कर आने वाले समय में लखपति दीदी बनाया जा सके। जिला पंचायत सीईओ डॉ आशुतोष ने आगे कहा कि आपके द्वारा अपने एंड्रायड फोन के माध्यम से ही यह पूरा कार्य किया जाना है और यह काम केवल डाटा भरने तक सीमित नहीं रहेगा। आने वाले समय में आपको उन्हें संसाधनों को उपलब्धता से जोड़ना भी होगा जिससे वह अपनी आजीविका गतिविधि को एक अच्छे आर्थिक स्तर तक ले जा सकें।

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना अंतर्गत जिला पंचायत में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिसका मूल उददेश्य देश में आगामी एक वर्ष में 3 करोड़ स्व सहायता समूह सदस्यों को लखपति दीदी बनाया जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लखपति दीदी योजना अंतर्गत कोरिया जिले को आगामी दो वित्तीय वर्षों में कुल दस हजार स्व सहायता समूह से जुड़ी दीदियों को लखपति बनाया जाना है।

जिस हेतु संभावित लखपति दीदियों का सर्वे लोकोस एप्लीकेशन के माध्यम से करके क्वार्टरली कार्ययोजना को अपडेट करना है।

जिनको जिला कार्यक्रम प्रबंधक अशोक प्रदीप मिंज, आलोक कुमार, एवं अन्य प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन अवसर पर जिला पंचायत सीईओ डॉ आशुतोष ने सभी से प्रशिक्षण में बताए गए बिंदुओं पर विस्तार से बात की और उन्हे प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप सभी के माध्यम से कोरिया जिले में महिलाओं के आर्थिक उन्नति की नई राह बनेगी।

न्योता भोजन का आयोजन

शाला प्रवेशोत्सव से विद्यार्थियों को मिलती है प्रेरणा

कोरिया बैकुंठपुर। गत दिवस जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के शासकीय प्राथमिक शाला चेर में शाला प्रवेश उत्सव तथा न्योता भोजन का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता रहे। तथा विशिष्ट अतिथि संकुल प्राचार्य अभय शर्मा तथा लायंस नायक डॉ महेश मिश्रा एवम पार्षद श्रीमती बाबी रहे। मुख्यातिथि जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता द्वारा नव प्रवेशी विद्यार्थियों को टिका चन्दन लगाकर पुस्तक तथा गडवेश वितरण किया गया तथा उनके द्वारा उत्साह वर्धक मार्ग दर्शन दिया गया। शाला में पूर्व एल्डरमैन रामायण के सौजन्य से न्योता भोजन का आयोजन किया गया जिसके लिए शाला परिवार की ओर से आभार प्रकट किया गया। शाला प्रवेश उत्सव के साथ ही संकुल सम्वयक एजाज अहमद सिद्दीकी के अपने पद से सेवा निवृत होने पर संकुल स्तरीय विदाई समारोह रखा गया जिसमें संकुल से अली अहमद, फुलेश्वरी देवी भगत , जमशेद , रामसजीवन साहू, श्रीमती कीर्ति सोनी,श्रीमती पूनम पांडेय, सुदीप चौबे,शशि भूषण पांडेय, रवि बैगा, अशोक कुर्रे, शौरभ साहू, राशिद रसीद , श्रीमती अंजना साय उपस्थित रहे और कार्यक्रम सफल बनाने में सभी सहभागिता सराहनीय रही।

दुगुना पैसा कमाने का झांसा देकर 44 लाख की ठगी

रायपुर। शेयर ट्रेडिंग में पैसा लगाने और मुनाफा कमाने का झांसा देकर 44 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी संजय वर्मा 44 वर्ष गोल्डन टावर अमलीडीह का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी के पास अज्ञात मोबाइल नंबर क्रमांक 89231-07182 से कॉल आया।

कोरिया पर्यटन के मानचित्र पर तेजी से उभरेगा: राजवाड़े

झुमका वॉटर टूरिज्म अब कोरिया टूरिज्म क्लब कहलाएगा

कोरिया। कोरिया जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में झुमका वॉटर टूरिज्म सोसायटी की सामान्य सभा की बैठक में विधायक भईया लाल राजवाड़े की उपस्थिति और कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में क्षेत्र के पर्यटन को बढ़ाने के उद्देश्य से सहमति दी गई।

कलेक्टर श्री लंगेह ने जानकारी दी कि झुमका वॉटर टूरिज्म सोसायटी का नाम बदलकर अब 'कोरिया टूरिज्म क्लब' रखा गया है। इस परिवर्तन के पीछे उद्देश्य बताते हुए उन्होंने कहा कि कोरिया जिले में प्राकृतिक संसाधनों की भरमार है और यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। प्रकृति की गोद मे बसे इस जिले में कई जलप्रपात, बालम पहाड़, रॉक पेंटिंग, घौराघाट, घुनघुट्टा, गेज, टेड़िया बांध, गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान और टाइगर रिजर्व, कर्क रेखा और आईएसटी मेरिडियन का संगम जैसे स्थल हैं, जो बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करेंगे। विधायक श्री भईया लाल राजवाड़े ने उम्मीद जताई कि कोरिया तेजी से पर्यटन के मानचित्र पर उभरेगा। उन्होंने इसके लिए समन्वित रणनीति और जनभागीदारी से कार्य करने पर जोर दिया। श्री राजवाड़े ने कहा कि सरगुजा संभाग के अंतर्गत आने वाले कोरिया में पहाड़, झरना और राष्ट्रीय उद्यान एवं टाइगर रिजर्व होने से पर्यटक सैलानी बड़ी संख्या में पहुंचेंगे।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि झुमका वॉटर टूरिज्म सोसायटी द्वारा निविदा पर दिए गए कैफेटेरिया, पार्किंग, फिश एक्वेरियम के अनुबंध समाप्त हो गए हैं, जिन्हें नए अनुबंध शीघ्र किए जाएंगे। झुमका बोट क्लब के संचालक द्वारा समय पर वार्षिक किराया राशि जमा नहीं करने और अनुबंध की अन्य शर्तों का पालन नहीं करने के कारण अनुबंध निरस्त कर नई निविदा प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि कोरिया को प्रकृति ने अनुपम उपहार दिया है और यहां के पर्यटन क्षेत्र में स्थानीय लोगों को बेहतर रोजगार मिले, इसके लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। झुमका डेम में बहुत जल्दी ही शिकारा बोट भी आम लोगों के लिए शुरू की जाएगी ताकि प्रदेश व देश के पर्यटक बड़ी संख्या में इसका आनंद उठा सके। उन्होंने कोरिया मिलेट्स कैफे के बारे में जानकारी दी कि यह कैफे कम समय में ही कोरियावासियों को सेहतमंद स्वादिष्ट भोजन परोसने में सफल रहा है और बड़े महानगरों की तर्ज पर सुविधाएं मुहैया कराने में अग्रणी रहा है।

बैठक में अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम, सोनहत एसडीएम राकेश साहू, विधायक प्रतिनिधि सहित लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, पर्यटन मंडल के अधिकारी उपस्थित रहे।

घर घुसकर प्रधान आरक्षक को पीटने वाले सात गिरफ्तार

सूरजपुर। जिले में बदमाशों के हौसले इन दिनों इतने बुलंद हैं कि वे पुलिस पर भी हमला करने से नहीं चूक रहे हैं. दरअसल, बीती रात ग्राम दतिमा के बीच चौक पर कुछ युवक बथंडे के नाम पर हुड़दंग मचा रहे थे. इसी दौरान जब कर्जी थाने पदस्थ जब प्रधान आरक्षक समय लाल ने उनको समझाया तो हुड़दंग मचा रहे दबंग युवकों का झुंड पुलिस से ही भीड़ गया. लेकिन किसी तरह वहां मामला शांत हो गया. इसके बाद जब हवलदार अपने घर विश्रामपुर पहुंचा तो उसके पीछे एक दर्जन से ज्यादा हुड़दंगी उसके घर पर पहुंच आये और हवलदार पर हमला कर दिया. इस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर झूमा झपटी हुई. इस घटना के बाद मामले की शिकायत हवलदार समयलाल ने विश्रामपुर पुलिस से की. जिसपर बलवा सहित अन्य धाराओं के तरह अपराध दर्ज किया. मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. वहीं फरार अन्य आरोपियों की भी तलाश की जा रही है. मामले पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एमआर अहीर ने कहा कि किसी भी अपराधी को बक्सा नहीं जाएगा. चाहे वह कोई भी हो और किसी भी तरह का कोई राजनीति दबाव नहीं है।

कलेक्टर ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों का किया सघन दौरा

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, विद्यालय, आंगनबाड़ी समेत अन्य संस्थाओं का किया निरीक्षण

सूरजपुर। कलेक्टर रोहित व्यास ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। अपने दौरे में श्री व्यास ने ग्राम बसदेई के ग्रामीण सचिवालय, आंगनबाड़ी, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित सहकारी समिति एवं शिवप्रसाद नगर के पीएम श्री एकलव्य छात्रावास का निरीक्षण किया।

दौरे में कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बसदेई का गहन निरीक्षण करते हुए चिकित्सकों की उपस्थिति, ओ.पी.डी. और आई.पी.डी. के मरीजों की जानकारी बीएमओ प्रशांत सिंह तथा अस्पताल प्रबंधन से लेते हुए अस्पताल में दी जा रही सुविधाओं की वस्तुस्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संस्थागत प्रसव की दर को बेहतर करने के निर्देश देने के साथ ही क्षेत्र के 30 साल से अधिक उम्र के सभी लोगों के एनसीडी स्क्रीनिंग करने के निर्देश भी दिए ताकि लोगों को किसी गंभीर बीमारी की संभावना से बचाया जा सके। उन्होंने इस दौरान अस्पताल परिसर के स्वच्छता पर अधिक ध्यान देने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने ने वर्षाकाल में स्नेक बाइट के केस से निपटने के लिए पूरी तैयारी करने के निर्देश भी दिए। दौरे में कलेक्टर श्री व्यास ने ग्राम पंचायत बसदेई के ग्रामीण सचिवालय का निरीक्षण करते हुए उसके कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान संबंधित अधिकारियों से गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सचिवालय को पंचायत अंतर्गत सभी ग्रामीणों के हित में आवश्यक संसाधनों के प्रबंध के लिए विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर उन्होंने पंचायत में जल जीवन मिशन की वस्तुस्थिति की जानकारी के साथ आयुष्मान कार्ड एवं आधार कार्ड योजना के संबंध में जानकारी लेते हुए शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश दिए ताकि ग्रामीण बेहतर स्वास्थ्य लाभ ले सकें। अपने दौरे में आदिम जाति सहकारी सेवा समिति ग्राम पंचायत बसदेई के निरीक्षण के दौरान उन्होंने पंजीकृत किसानों की जानकारी, उर्वरक बीज वितरण एवं किसान क्रेडिट कार्ड के संबंध में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल बसदेई का निरीक्षण किया। इस दौरान स्कूल की शैक्षणिक गतिविधि की जानकारी लेते हुए स्कूल भवन एवं परिसर का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। श्री व्यास ने कहा कि स्कूल भवन में शिक्षकों की समय पर उपस्थिति, भवनों की साफ सफाई, नियमित मध्यान्ह भोजन, वार्षिक शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार बेहतर पढ़ाई करने का प्रबंध करने को कहा ताकि विद्यार्थियों में शिक्षा का स्तर बेहतर हो सके। इस अवसर पर श्री व्यास ने बच्चों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुनते हुए उनके निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कक्षा बारहवीं के बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह जीवन का महत्वपूर्ण समय होता हैं। इसलिए वर्ष के प्रारंभ से ही अच्छे से पढ़ाई करें। साथ ही उन्होंने उपस्थित बच्चों से अनुपस्थित रहने वाले बच्चों को भी स्कूल आने के लिए प्रोत्साहित करने को कहा।इसके अलावा कलेक्टर श्री व्यास ने सरनापारा ग्रामपंचायत बसदेई, आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करने हुए आंगनबाड़ी में पोषण वाटिका, बच्चों की उपस्थिति, उनके पोषण के स्तर के साथ-साथ उनके मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए चलाई जा रही गतिविधियों के वस्तुस्थिति की जानकारी ली।

खैर की अवैध लकड़ी जप्त की सुंदरपुर क्षेत्र में, मामला दर्ज

रामानुजगंज। वन परिक्षेत्र धमनी के अंतर्गत ग्राम सुंदरपुर में सड़क से करीब डेढ़ सौ मीटर अंदर जंगल में छुपा कर बड़ी मात्रा में खैर के लकड़ी को तस्करी के लिए रखा गया था। जिसकी सूचना जब स्थानीय ग्रामीण से वन विभाग को मिली तो लकड़ी को जप्त कर वन विभाग के कार्यालय लाया गया।जप्त लकड़ी 11.235 घन मीटर बताई जा रही है जिनकी संख्या 200 है। जिसकी कीमत लाखों रुपए में बताई जा रही है। तस्करों को खैर की लकड़ी का मुंह मांगा कीमत मिलता है।

गौरतलब है कि सुंदरपुर जंगल में छुपा कर बड़ी संख्या में खैर की लकड़ी रखी गई थी जब ग्रामीणों ने जब देखा तो तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर लकड़ी को जप्त किया। खैर की लकड़ी को छुपा कर अंतरराज्य तस्करों के द्वारा कुछ स्थानीय लोगों के सहयोग से गांव-गांव में जाकर खरीद कर धीरे-धीरे एक जगह जमा किया गया था। तस्करों के उठाने के पूर्व इस ग्रामीण देख लिया एवं इसकी सूचना वन विभाग को दे दी।बताया जा रहा है कि सुंदरपुर में खैर की इतनी लकड़ी नहीं है इसे धमनी, गड़गोड़ी सहित अन्य स्थानों से लाकर जमा किया गया था। रेंजर अजय वर्मा ने बताया कि खैर की लकड़ी को जप्त कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई के लिए तहसीलदार को लिखित में सूचना दे दी गई है। खैर पेड़ की मांग रहने के कारण वन माफियाओं के द्वारा जंगल को खैर पेड़ विहीन कर दिया गया है। अब खैर का पेड़ ग्रामीणों के खेतों में ही देखा जाता है तस्कर सक्रिय रहते हैं एवं घूम घूम कर खैर का पेड़ खोज कर ग्रामीणों से पैसा देकर खैर का पेड़ कटवा खरीद लेते हैं। खैर का पेड़ जंगलों से लुप्त हो गए इसका कारण है औषधीय गुण कत्था बनाने और चमड़ा उद्योग में उपयोग के लिए मांग होने की वजह से । उत्तर प्रदेश में काफी महंगे दाम पर खैर की लकड़ी बिकती है इसे किलो में लेते हैं। खैर पेड़ की हमेशा मांग बनी रहती है जिसका तस्कर इसका मुंह मांगा कीमत देने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं ग्रामीणों को पैसा देकर यह पेड़ कटवा लेते हैं। ग्राम बिशुनपुर के राम लखन पिता वासुदेव सिंह के घर के बाहर रखा 42 नग खैर का लकड़ी वन विभाग के द्वारा जप्त किया गया। जो 1.894 घन मीटर है। ग्रामीण ने बताया कि पैसा की जरूरत थी इलाज के लिए इसलिए अपने जमीन से काटकर बेचा था लकड़ी अभी उठा नहीं था इस कारण घर के बाहर रखा हुआ था।

पैसे लेकर खराब गुणवत्ता का माल दिया, जुर्म दर्ज

रायपुर। बजरंग केमिकल डिस्टलरी एलएलपी प्रोसेसिंग यूनिट के नाम से 65 लाख रुपए लेकर खराब गुणवत्ता का माल देने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर आरंग पुलिस ने अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मनोज कुमार पुरी 58 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी प्रवीण कुमार अपने पद का दुरूपयोग करते हुए मोज इंजीनियरिंग सिस्टम लिमिटेड से प्रार्थी के संस्थान श्री बजरंग केमिकल डिस्टलरी एलएलपी प्रोसेसिंग यूनिट के नाम से 65 लाख रुपए लेकर जान बूझकर प्रोसेसिंग यूनिट का गुणवत्ता में कमी लाकर अमानत में ख्यानत किया है।

प्रतिबंधित टेबलेट बेचते युवक गिरफ्तार

रायपुर। पुरानी बस्ती पुलिस ने महाराजबंद तालाब शिव मंदिर के पास प्रतिबंधित टेबलेट बेचते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 180 नग नेट्राजेपम टेबलेट जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर महाराजबंद तालाब शिव मंदिर के पास प्रतिबंधित टेबलेट बेचते आरोपी सचिन टंडन 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 180 नग नेट्राजेपम जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

स्वीकृत कार्यों को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया डीएमएफ परिषद ने

लेखा परीक्षा के अलावा अन्य विषयों पर किया गया विचार विमर्श

कोरिया। कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में बैकुण्ठपुर के विधायक भईया लाल राजवाड़े की उपस्थिति में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय व्यय लेखा का प्रस्तुतिकरण, लेखा परीक्षा रिपोर्ट का अनुमोदन, वार्षिक प्रतिवेदन का अनुमोदन, स्वीकृत कार्यों के कार्योत्तर स्वीकृति, निरस्त कार्यों का अनुमोदन तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु वार्षिक कार्य योजना का अनुमोदन सहित अन्य विषयों पर शासी परिषद के सदस्यों के साथ चर्चा की गई।

बैठक में शासी परिषद के सदस्यों के साथ विस्तृत चर्चा में जानकारी दी गई कि जिला खनिज संस्थान न्यास कोरिया को वर्ष 2016-17 से मई 2024 तक 349 करोड़ 83 लाख रूपए, ब्याज की राशि 4 करोड़ 89 लाख रूपए इस तरह कुल 350 करोड़ 73 लाख रूपए प्राप्त हुए हैं। अभी तक 8 हजार 418 कार्यों की लागत 503 करोड़ 4 लाख रूपए की स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें से 359 करोड़ 15 लाख रूपए व्यय किए गए हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लेखाओं का लेखा परीक्षा महालेखाकार के सूचीबद्ध चाटर्ड एकाउण्ट से जिला खनिज संस्थान न्यास कोरिया एवं 99 कार्य एजेन्सियों का लेखा परीक्षा कराया गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राप्त अंशदान राशि का लेखा परीक्षा रिपोर्ट को शासी परिषद के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तावित किया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत ग्रामों में हैण्डपंप, शाला भवन निर्माण, सीसी रोड, पेयजल व्यवस्था जैसे कार्यों का 156.735 लाख रूपए की कार्योत्तर अनुमोदन तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 में 278.62 लाख रूपए के निर्माण कार्यों को निरस्त करने हेतु अनुमोदन प्रस्तावित किया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्य योजना अनुमोदन सूची भी शासी परिषद की बैठक में रखा गया, जिसमें 70 प्रतिशत उच्च प्राथमिकता के क्षेत्र पेयजल आपूर्ति, पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण निवारण उपाय, स्वास्थ्य एवं देखभाल, शिक्षा, कृषि एवं अन्य संबंधी गतिविधियां नए आंगनवाड़ी केन्द्र, आंगनवाड़ी केन्द्रों के उन्नयन, मरम्मत, वृद्ध एवं निःषक्तजन के कल्याण हेतु, कौषल विकास एवं रोजगार, स्वच्छता, सतत जीविकापार्जन के अलावा 30 प्रतिशत अन्य प्राथमिकता के क्षेत्र भौतिक अधोसंरचना विकास, सिंचाई सुविधाएं, ऊर्जा एवं जल विभाजक विकास, सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण, प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं के सामाजिक, शैक्षणिक, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों के प्रोत्साहन संबंधी कार्यों के अलावा प्रशासनिक व्यय हेतु कार्य योजना अनुमोदन हेतु प्रस्तावित की गई। बैठक में विधायक भईया लाल राजवाड़े ने जर्जर आंगनवाड़ी केन्द्रों, स्कूल भवनों व सिंचाई हेतु नहर मरम्मत जैसे कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ करने के सुझाव दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, शासी परिषद के पदेन सदस्य सचिव डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने एजेण्डावार जानकारी से षासी परिषद के सदस्यों को अवगत कराया।

बैठक में जिला पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह, अपर कलेक्टर अरूण कुमार मरकाम, एसडीएम राकेष साहू, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि के अलावा बड़ी संख्या में शासी परिषद के सदस्यगण तथा कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग, कार्यपालन अभियंता, राज्य विद्युत वितरण कंपनी, खनि अधिकारी, उप संचालक जिला पंचायत, जिला षिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप संचालक कृषि, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर, सोनहत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में अपर कलेक्टर अरूण कुमार मरकाम, सोनहत एसडीएम राकेश साहू, विधायक प्रतिनिधि सहित लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, पर्यटन मण्डल के अधिकारी उपस्थित रहे।

पूर्व सांसद साहू कल लेंगे बैठक

कोरबा। बिलासपुर के पूर्व भाजपा सांसद लखनलाल साहू का कल कोरबा आगमन हो रहा है। वे जिला भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। लोकसभा चुनाव में हुई हार की समीक्षा की जाएगी। बैठक में भाजपा के जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, वैशाली रब पारखी, चुलेश्वर राठौर, सरजू अजय, सूर्यप्रकाश शर्मा, हरीश श्रवानी, लक्ष्मीकांत जगत, आकाश सक्सेना, सुमन सोनी, लक्ष्मी श्रीवास, अभिषेक गर्ग सहित सभी मंडल के अध्यक्ष मौजूद रहेंगे।

संयुक्त सलाहकार की बैठक 6 को

कोरबा। एसईसीएल में सत्यापन को लेकर सभी इकाईयों में जेसीसी बैठक बुलाई जा रही है। गेवरा केन्द्रीय कर्मशाला में 6 जुलाई को संयुक्त सलाहकार समिति की बैठक होगी। जिसमें विकास शुक्ला, एलीन एक्का, हमराज राव, मुकुट कर्ष, राकेश बेंजामिन सहित अन्य सदस्य मौजूद रहेंगे। मानिकपुर एसईकेएमएसी के नरसिंग मूर्ति ने जानकारी देते हुए बताया कि मानिकपुर में 17 जुलाई को सत्यापन कार्य होगा। इसके लिए संयुक्त सलाहकार समिति की बैठक हुई थी। जिसमें प्रमोद बेनर्जी, भागवत सिंह, संजय सिंह, राजू श्रीवास्तव, उज्ज्वल बेनर्जी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए थे। दीपका में भी संयुक्त सलाहकार समिति की बैठक हुई जिसमें गिरजा साहू, सतीश सिंह, संजीव शर्मा, तरूण रहा सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

नालियों में सफाई का काम

कोरबा। ग्राम उमरेली के सड़क की दोनों ओर बने नालियों की सफाई शुरू कर दी गई है। सरपंच ने शिकायत पर यह काम शुरू कराया है। नालियां लबालब भरी हुई है। अगर नाली की सफाई नहीं होती तो घरों में पानी भरने की संभावना थी। युवा मोर्चा के नवीन देवांगन ने सरपंच से मांग करते हुए कहा है कि घरों में पानी घुसने से पहले सभी नालियों की सफाई करायी जाए।

खदान जाने वाले मार्ग को ठीक करने मांग

कोरबा। एसईसीएल रजगामार क्षेत्र के श्रमिक नेता रामनाथ कश्यप ने खदान जाने वाले मार्ग को ठीक करने कहा है। बरसात के दिनों में मार्ग में पानी भर जाता है। लोगों को आने जाने में काफी परेशानी होती है फिसलन भरे मार्ग में गिरने की संभावना बनी रहती है। इस क्षेत्र के कोयला कामगार काफी दिनों से इस मांग को उठा रहे है। उन्हें भरोसा है कि जल्द ही मार्ग को ठीक कर दिया जाएगा। रामनाथ कश्यप ने आगे कहा कि खदान जाने वाले मार्ग पर एक पुल है जिसमें रेलिंग लगाना आवश्यक हो गया है। रेलिंग के अभाव में दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। रात्रि के समय कोयला कामगार पुल में गिर सकते है।

एसईकेएमसी अध्यक्ष मिले प्रबंधन से

कोरबा। लगातार पानी गिरने के कारण एसईसीएल कॉलोनी में भी बिजली की समस्या उत्पन्न होने से पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही है। कोयला कामगारों को पानी नही मिलने पर कल एसईकेएमसी के केन्द्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह ने प्रबंधन से मुलाकात करते हुए मांग की है कि कॉलोनी में जो पेयजल आपूर्ति बाधित हो रहा है। उसे ठीक किया जाए ।

इंसेटिव का मुद्दा उठा

कोरबा। पिछले दिनों एसईकेएमसी की आईआर वार्ता आयोजित हुई। जिसमें मानिकपुर के प्रमोद बनर्जी व भागवत सिंह ने रूके हुए इंसेटिव को दिलाने की मांग रखी । उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रबंधन को इस मामले में कई बार अवगत कराया गया है इसह तरह कालोनी की साफ सफाई के मुद्दों को भी रखा गया।

360 केवीए के दो ट्रांसफार्मर लगाकर 15 ब्लाक और पंपहाउस की समस्या सुधारी

अरसे से क्षेत्र के कर्मी झेल रहे परेशानी

कोरबा। साउथ इस्टर्न कोलफील्डस लिमिटेड कोरबा क्षेत्र की कई कालोनियों में बिजली के साथ पानी की समस्या कर्मचारियों के परिवार को परेशान कर रही है। हद तो तब हो गई जब यहां सिस्टम फेल होने से पानी के लिए संबंधितों को तीन दिन तक जूझना पड़ा। उन्होंने यहां वहां से जुगाड़ कर अपनी व्यवस्था की। निचले स्तर के कर्मियों पर दबाव बनाने के बाद शीर्ष प्रबंधन होश में आया। काफी दांवपेंच के बाद यहां बिजली की परेशानी दूर करने के लिए 360 केवीए क्षमता के दो ट्रांसफार्मर लगाए गए। पुराने को बदल दिया गया। कहा जा रह है कि ऐसा करने से संबंधित परेशानी दूर होगी।

एसईसीएल कोरबा की 15 ब्लॉक और पंपहाउस कालोनी पूर्ववर्ती एनसीडीसी के समय की है जब कोरबा में कोयला खनन का काम शुरू हुआ था। कर्मियों को

सुविधा देने के लिए इस इलाके में कालोनी विकसित की गई। काफी समय तक यहां की व्यवस्था ठीकठाक रही लेकिन बीते कुछ वर्षों से अलग-अलग कारणों से समस्याओं का दायरा बढ़ गया। आए दिन बिजली गुल होने से लेकर पानी आपूर्ति से संबंधित व्यवस्था में फाल्ट आने के मामलों ने कर्मियों और उनके परिजनों की परेशानी बढ़ाई। हाल में ही पंपहाउस कालोनी स्थित वाटर फिल्टर प्लांट की मोटर में फाल्ट आने के कारण यहां जलापूर्ति की जानी संभव नहीं हो सकी। तीन दिन तक लोगों को इससे परेशान होना पड़ा। यहां-वहां भटकने के बाद सिविल मेंटेनेंस पर दबाव बना। इसके नतीजन आनन-फानन में यहां-वहां से व्यवस्था कर एसईसीएल प्रबंधन के द्वारा वाटर फिल्टर प्लांट में आई तकनीकी समस्या को दूर किया गया।

जानकारी में बताया गया कि विद्युत से संबंधित समस्या और इसकी वजह से दूसरी परेशानियां खड़े होने को ध्यान में रखा गया है इसलिए दोनों कालोनियों में एक-एक ट्रांसफार्मर को बदल दिया गया। मौके पर 360 केवीए क्षमता के दो ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं। कहा गया कि यह काम होने से न केवल आवासीय परिसरों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था बेहतर होगी बल्कि जलापूर्ति के मामले में होने वाली समस्याएं भी दूर हो सकेंगीं। कालोनी में ट्रांसफार्मर रिप्लेसमेंट से जुड़े हुए कार्य को श्री नाथन और उनकी टीम के द्वारा संपन्न कराया गया।

पांच नई मोटर की व्यवस्था जल्द

एसईसीएल के सूत्रों ने बताया कि वाटर फिल्टर प्लांट में आए दिन होने वाली समस्याओं के मद्देनजर तय किया गया है कि स्थानापन्न व्यवस्था के लिए पांच नई मोटर एफटीपी को जल्द दी जाएगी। सीजीएम कोरबा ने सिविल विभाग को कहा है कि वह दो दिन के अंदर इस बारे में नोटशीट पुटअप करे ताकि आगे की प्रक्रिया को बढ़ाई जा सके।

देशी शराब और नगदी रकम पार की दुकान

कोरबा। बरमपुर स्थित देशी शराब दुकान में सेंधमारी कर अज्ञात चोरों ने तीन पेटी देशी शराब और नकदी रकम की चोरी कर ली। गुरुवार की सुबह सेल्समैन ने दुकान पहुंचे तब उन्हें चोरी की जानकारी मिली। चोरी की इस वारदात कितने रुपए पार हुए हैं इस बात का पता नहीं चल सका है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। कोरबा में चोरों के बुलंद हौसलों पर लगाम लगा पाने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है। चोर एक के बाद एक वारदातों को अंजाम दे रहे हैं और पुलिस मूक दर्शक बनकर देख रही है। सर्वमंगला चौकी अंतर्गत बरमपुर में संचालित देसी शराब दुकान में सेंध मारकर अज्ञात चोरों ने तीन पेटी देसी शराब की चोरी कर ली,इतना ही नहीं उन्होंने गल्ले में रखे नकदी रकम भी पार कर दिए। मामले का खुलासा उस वक्त हुआ जब दुकान के कर्मचारी मौके पर पहुंचे जहां दुकान की पिछली दिवार पर सेंध लगी हुई थी। तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरु कर दी है। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरों कर करतूत कैद हुई है,जिसके आधार

नए भवन की छत से रिसाव, अब पुराने भवन में लगाई जा रही कक्षाएं

कोरबा। पुरानी चीजों का महत्व कभी भी नगण्य नहीं होता और वे अपनी उपयोगिता साबित ही करती हैं। विकासखंड कोरबा के जूनाडीह बरपाली में बारिश के मौसम में पुराना प्राथमिक शाला भवन अब विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए सहारा बना हुआ है। कारण यह है कि लाखों की लागत से बना यहां का नया भवन रिसाव की समस्या से जूझ रहा है।

जिल्ला बरपाली में वर्षों पहले से संचालित प्राथमिक शाला भवन में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ने और भवन से जुड़ी कुछ समस्याओं को देखते हुए इसका उपयोग बंद कर दिया गया था। फिर भी इसका अस्तित्व अभी बना हुआ है। बारिश के सीजन में

यह भवन खुद को साबित कर रहा है जिसमें कक्षाएं संचालित की जा रही है। बताया गया कि इस भवन की दीवारों में सामान्य क्रेक है लेकिन और कोई समस्या नहीं है। इसलिए कक्षाओं के संचालन में यह उपयुक्त माना गया है। बताया गया है कि बरपाली में नया स्कूल भवन तैयार किया गया है जिसकी छत से बारिश का पानी रिस रहा है और ऐसे में कक्षाएं लगाने में परेशानी हो रही है। लगातार हुई बारिश के कारण यहां पर परेशानियां खड़ी हो गई। ऐसे में तय किया गया कि विद्यालय का संचालन करना है तो विकल्प अपनाया जाए।

स्थानीय संस्था प्रमुख की ओर से वैकल्पिक प्रयास के बारे में अधिकारियों को बता दिया गया है। इस मामले में विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी विश्वास में लेने की कोशिश की गई है ताकि स्थितियां सामान्य रहे।

अभी होगी परेशानी प्रबंधन दे राहत

कोरबा। डिस्मेंटल कराने के नाम पर जिस तरह से सीएसईबी कालॉनी पूर्व के 458 खाली कराने के प्रयास में प्रबंधन जुटा हुआ है,उसे लेकर मकान में रह रहे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। सीएसईबी कर्मचारियों के परिवार ने युवक कांग्रेस के साथ मिलकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे और अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कुछ और समय देने की मांग की है। गौरतलब है कि जिन मकानों को खाली करने का नोटिस प्रबंधन की तरफ से दिया गया है,वे मकान काफी जर्जर हो गए हैं जिससे कभी भी हादसा हो सकता है,यही वजह है,कि प्रबंधन उसे तोड़ने की योजना पर काम कर रहा है ताकी वहां पर नया मकान बनाया जा सके। याद रहे सीएसईबी कालोनी में सैकड़ों अपात्र लोग लंबे समय से सुविधा ले रहे हैं जो ज्यादा चिंतित हैं।

सड़क हादसे और सर्पदंश से दो ग्रामीण

कोरबा। कोरबा जिले के चूनाभट्ठी और बांगो क्षेत्र में दो लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इनमें से एक सड़क हादसे का शिकार हुआ और दूसरे को सर्प ने काट लिया। पुलिस ने 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत दोनों प्रकरण में मर्ग कायम किया है। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

बांगो थाना प्रभारी लक्ष्मण खूंटे ने बताया कि सुदन सिंह बिंझवार पिता बिलासराम बिंझवार 56 वर्ष सरभोंका बांगो की सड़क हादसे में मौत हो गई। उसे मुख्य मार्ग बांगो कन्या छात्रावास के सामने अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। इस बारे में इतिहास बिंझवार के द्वारा पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस पाटी ने मौके का मुआयना करने के साथ पंचनामा किया और शव को सीएचसी भिजवाया। दूसरे मामले में अर्जुन धनुहार 17 वर्ष पिता बंधन साय धनुहार निवासी चूनाभट्ठी की मौत सर्प के जहर से हुई है। बंधन साय ने इस बारे में पुलिस को जानकारी दी है। बताया गया कि चूनाभट्ठी लेपरा इलाके में सुबह 4 बजे मृतक अपने कक्ष में सो रहा था। उस दौरान विषैले सर्प ने आगोश में ले लिया। किशोर की चीख सुनकर परिजन हरकत में आए। कुछ घंटे बाद उसे अस्पताल भिजवाया गया। सर्प का जहर फैलने से उसने दम तोड़

उम्मीद टूट रही मानिकपुर पोखरी के सौंदर्यीकरण की

कोरबा। असमंजस की स्थिति इस बात को लेकर बनी हुई है कि क्या कोरबा में मानिकपुर पोखरी का सौंदर्यीकरण होगा भी या नहीं। एसईसीएल इसके लिए पिछले वर्ष योजना बनाई। एसईसीएल और कोल इंडिया के साथ-साथ राज्य सरकार के अधिकारियों ने मौके का मुआयना किया। लेकिन अब इस बारे में कोई चर्चा हो नहीं रही है। पहले खबर थी कि पोखरी को टूरिज्म के लिए डेव्हलप करने की योजना है और इसका ब्लू प्रिंट तैयार कर लिया गया है। मौके पर बोटिंग से लेकर राफ्टिंग की सुविधा देने के साथ-साथ किनारे के हिस्से में पैगोडा से लेकर चौपाटी प्वाइंट बनाने भी प्रस्तावित थे। पूर्व कलेक्टर के गिरफ्तार होने के बाद यह मामला खटाई में पड़ गया।

तीन नर्सरी में तैयार किए 10 लाख पौधे शुल्क के साथ भी देने की व्यवस्था

कोरबा। बरसात के सीजन में पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर द्रुत गति से काम किया जाना है। सरकार के निर्देश पर जिले में वन विभाग ने गंभीरता दिखाई है। अकेले कटघोरा फारेस्ट डिविजन की ओर से ऐसे 10 लाख पौधे तैयार किये गए हैं। बिलासपुर संभाग स्तर पर इन्हें उपलब्ध कराने का प्रबंध किया गया है।

कटघोरा डीएफओ कुमार निशांत ने बताया कि सुतर्रा, पाली और पाथा क्षेत्र में हमारी तीन नर्सरी संचालित हैं। पर्याप्त श्रम शक्ति के माध्यम से वर्षा पूर्व तैयारी यहां पर कराई गई और अलग-अलग श्रेणी के पौधे लगाए गए। इन्हें तैयार किया गया। इनमें छायादार, फलदार, फूलदार श्रेणी

शामिल हैं। मनरेगा और केंद्रीय योजना से इन पौधों को विकसित करने पर काम किया गया। वन विभाग की योजना है कि एक पौधा मां के नाम-अभियान के अंतर्गत 50 हजार पौधों का वितरण निःशुल्क रूप से किया जाए। मांग के आधार पर इस काम को विभाग करेगा। डीएफओ ने बताया कि हम लोगों को सशुल्क आधार पर भी पौधे उपलब्ध करा रहे हैं। इसमें केटेगरी बनाई गई है। इस पर भी काम प्रारंभ किया गया है।

अनहोनी टालने की कोशिश तीन मार्गों पर लगाए गए रिफ्लेक्टर

कोरबा। नेशनल हाइवे 130 बी पर लगातार हो रहे हादसों का अध्ययन करने के साथ प्रशासन यातायात पुलिस और परिवहन विभाग ने मिलकर कुछ महीने पहले ब्लैक स्पाट को चिन्हित किया और हटाने का काम किया। इससे सड़क हादसों में कुछ सीमा तक कमी आई है। बारिश के मौसम में रात्रिकालीन आवाजाही के दौरान संभावित दुर्घटनाजन्य स्थानों पर अब ट्रैफिक पुलिस ने रेडियम पट्टी लगाने का काम शुरू किया है।

कटघोरा, पाली और उरगा मार्ग पर इस तरह का काम ट्रैफिक प्रभारी गोवर्धन मांझी के नेतृत्व में जवानों ने किया। बताया गया कि योजनाबद्ध तरीके से इस कार्य को किया जा रहा है। इसे विस्तारित करना है। महसूस किया गया कि खासतौर पर रात्रि के दौरान ऐसे क्षेत्र जहां पर स्ट्रीट लाइट की सुविधा नहीं है और वहां से आवाजाही व्यस्त है, ऐसे में तेज वर्षा की स्थिति में दृश्यता पर असर पड़ता है। इस चक्कर में हादसे होने की आशंका बनी रहती है। इसे ध्यान में रखने के साथ ट्रैफिक पुलिस अपनी ओर से काम कर रही है। मांझी ने बताया कि वाहन चालकों को गाड़ियों में दोनों तरफ रिफ्लेक्टर लगाने को कहा गया है।

शराब के नशे में आता है लेपरा स्कूल का एक शिक्षक

मनमानी के किस्से आम, व्यवस्था पर बुरा असर

कोरबा। पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत लेपरा ग्राम पंचायत के मिडिल स्कुल मे पदस्थ शिक्षक की मनमानी पर विभाग के अधिकारियों का कोई नियंत्रण नहीं है। वे अपने हिसाब से यहां आते हैं और विशेष भूमिका निभाने से परहेज करते हैं। विद्यालय की व्यवस्था पर इसका बुरा असर पड़ रहा है।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र को अग्रणी करने के लिए बच्चों को हर सुविधा मुहैया करा रहा है लेकिन अगर शिक्षक विद्यालय ही न जाये ऐसे मे ये सुविधा का कोई मतलब नहीं। लेपरा मिडिल स्कुल मे पदस्थ शिक्षक इतवार सिंह श्याम इस सत्र में स्कुल खुलने के बाद एक भी दिन अपनी हाजरी नहीं दर्ज कराई है वही इंग्लिश व गणित जैसे बहुत महत्वपूर्ण विषय की पढ़ाई से बच्चे वंचित हो रहे हैं बच्चों का कहना है की इतवार सिंह कभी आते हैं तो कभी नहीं आते हैं पिछले कई

दिनों से इस शिक्षक को स्कुल में नहीं देखा गया है।

इधर हेडमास्टर भी लापरवाह शिक्षक के कारनामें से परेशान हैं, 26 जून से प्रत्येक दिवस स्कूल में सभी शिक्षकों की उपस्थिति हो रही है लेकिन ये महासय अभी तक स्कुल ही नहीं गए, पिछले सत्र मे भी इनके हाजरी रजिस्टर में लाल रंग की स्याही से अनुपस्थित लिखा गया है और तो और इनका हर माह बकायदा पेमेंट भी बनाया जा रहा यें यह अपने आप मे एक बडी बात है पता यह चला कि जिम्मेदार शिक्षक इतवार सिंह श्याम स्कूल न आकर दिनभर शराब के नशे में मदहोश होकर घूमते रहते हैं। महीने में यदि वे दो चार दिन आते हैं तो केवल अपनी हाजिरी लगाकर चले जाते हैं। जिससे पढाई करने वाले बच्चों को अंग्रेजी व गणित विषय से वंचित होना पड़ता है।

शिक्षा का अधिकार देश के प्रत्येक बच्चे को प्राप्त है। स्कूलों में बच्चों को पढ़ने के लिए उन्हें पुस्तकें दी जाती हैं। वहीं स्कूल ड्रेस भी सरकार की तरफ से दिया जाता है। बच्चे भूखे पेट रहेंगे तो उनको शिक्षा ग्रहण करने में कठिनाई आएगी इसके लिए मध्याह्न भोजन भी संचालित किया जाता है, लेकिन इतनी सुविधाएं देने के बावजूद अगर शिक्षक बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करें तो बच्चे अपना भविष्य किस तरह संवारेंगे। स्कूल के हेडमास्टर द्वारा शिक्षक इतवार सिंह श्याम की शिकायत करने के बाद भी इनकी करतूत पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी क्यों संज्ञान नही ले रहे यह भी एक बड़ी बात है। या इस शिक्षक पर इतनी मेहरबानी करना भी अपने आप मे एक सवाल खड़ा कर रहा है।

दिया गया है नोटिस

लेपरा स्कूल के शिक्षक इतवार सिंह श्याम के शराब के नशे में स्कूल आने और मनमानी किए जाने की शिकायत मिली है वह 4-5 दिन से स्कूल से अनुपस्थित हैं। संबंधित को नोटिस दिया गया है। इस आधार पर आगे कार्यवाही की जाएगी।

-अशोक चंद्राकर, बीईओ पोड़ी उपरोड़ा

स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com